


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ




वर्ष 13, अंक 337 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये दुर्ग, गुरुवार 03 अक्टूबर 2024 www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### पहले गोमूत्र से आचमन फिर गरबा पंडाल में प्रवेश, बीजेपी नेता की सलाह पर हंगामा

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में भाजपा जिलाध्यक्ष के बयान पर सियासी हंगामा मच गया। इंदौर के भाजपा जिलाध्यक्ष चिंटू वर्मा ने गरबा पंडाल में आने वाले हर शख्स को प्रसाद के रूप में गौमूत्र और माथे पर तिलक लगाने की सलाह दी। कांग्रेस ने उनके बयान पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि उनका बयान बचकाना है। ध्रुवीकरण के उद्देश्य से ऐसे बयान दिए जाते हैं। इंदौर में इन दिनों नवरात्र से ठीक पहले गरबा आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। चिंटू वर्मा ने कहा कि गरबा में माता की पूजा हमारी बहन-बेटियां करती हैं। इसमें बड़ी संख्या में लोगों को भाग लेना चाहिए। गरबा पंडाल में आने वाले सभी शख्स के माथे पर तिलक लगाया जाए। उन्होंने प्रसाद के रूप में गोमूत्र देने के आचमन की सलाह भी दी। चिंटू वर्मा ने कहा कि इससे गरबा पंडाल में विधर्मियों को आने से रोका जा सकता है। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता नीलाभ शुक्ला ने कहा कि भाजपा नेता गोशालाओं की दुर्दशा पर चुप हैं। केवल इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने में दिलचस्पी दिखाते हैं।

### ऑनलाइन आईफोन ऑर्डर किए, पेमेंट करने के लिए घर बुलाया फिर डिलीवरी बॉय को उतारा मौत के घाट

**लखनऊ।** फिल्पकार्ट से कैश ऑन डिलीवरी में डेढ़ लाख रुपए के दो मोबाइल फोन मंगवाकर लखनऊ में डिलीवरी ब्वॉय की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस हत्या का खुलासा यूपी पुलिस ने किया है। एक समाचार एजेंसी के मुताबिक दो आईफोन ऑर्डर में मंगाए गए थे। 23 सितंबर को डिलीवरी ब्वॉय भरत साहू से फोन लेने के बाद पैसे देने के के लिए घर के अंदर खींचकर गला दबाकर हत्या कर दी गई और फिर शव को बोरे में बंद करके इंदिरा नहर में बहा दिया गया। शव अभी बरामद नहीं हुआ है। एसडीआरएफ टीम नहर में शव को खोज रही है। लखनऊ के पुलिस उपायुक्त शशांक सिंह के मुताबिक 32 साल के भरत मूल रूप से अमेठी के जामो संभई गांव के रहने वाले थे। लखनऊ में पत्नी के साथ सतरिख रोड पर किराए पर रहते थे।

83300 करोड़ की योजनाओं की सौगात

# आदिवासियों के विकास से ही देश मजबूत होगा-पीएम मोदी

रांची/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के हजारीबाग में 83,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आज मुझे एक बार फिर झारखंड की विकास यात्रा में सहभागी बनने का सौभाग्य मिल रहा है। कुछ ही दिन पहले मैं जमशेदपुर आया था। जमशेदपुर से मैंने झारखंड के लिए सैकड़ों करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया था।आज पूज्य बापू की जन्म जयंती है। आदिवासी विकास के लिए उनका विजन, उनके विचार हमारी पूंजी है। गांधी जी का मानना था कि भारत का विकास तभी हो सकता है, जब जनजातीय समाज का तेज विकास हो। मुझे संतोष है कि आज हमारी सरकार आदिवासी उत्थान पर सबसे ज्यादा ध्यान दे रही है। झारखंड के हजारों गरीबों को पीएम आवास योजना के तहत अपना पक्का घर मिला था। और अब कुछ ही दिनों के भीतर आज झारखंड में 80 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। ये योजनाएं आदिवासी समाज के कल्याण और उत्थान से जुड़ी हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इसका लाभ देश के 5 करोड़ से ज्यादा आदिवासी भाई-बहनों को मिलेगा। झारखंड के आदिवासी समाज को भी इसका बहुत बड़ा फायदा होगा। मुझे खुशी है कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा की धरती से हो रही है। भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के दिन यहां झारखंड से



ही पीएम-जनमन योजना भी लॉन्च हुई थी। अगले महीने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पर हम पीएम-जनमन योजना की पहली वर्षगांठ मनाएंगे। इस योजना के जरिए आज देश के उन आदिवासी इलाकों में भी विकास पहुंच रहा है, जो सबसे पीछे छूट गए थे। आज यहां पीएम-जनमन योजना के तहत भी करीब साढ़े 1,300 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास हुआ है। अभी मैंने यहां धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। इस योजना पर करीब 80 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत करीब 550 जिलों में 65,000 आदिवासी बहुल गांवों का विकास करने का अभियान चलाया जाएगा। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ सौतेले व्यवहार का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यह बताना चाहिए कि राज्य की बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये की राशि क्यों नहीं जारी की जा रही है। जयराम रमेश ने पोस्ट करते हुए पूछा कि आज जब प्रधानमंत्री झारखंड में हैं तब उन्हें इन सवालों के जवाब ज़रूर देने चाहिए। वह झारखंड का बकाया 1.36 लाख करोड़ क्यों नहीं जारी कर रहे हैं? प्रधानमंत्री झारखंड के 8 लाख लोगों को घर देने के अपने वादे को पूरा क्यों नहीं कर रहे हैं?

### झामुमो और कांग्रेस राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ःसत्ता के भूखेः दोनों दल राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं. मोदी ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है और राज्य में हिंदुओं और आदिवासियों की आबादी घट रही है. उन्होंने कहा, ःकांग्रेस अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण छीनना चाहती है, लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि कोई भी ऐसा नहीं कर सकता. मोदी ने कहा कि आदिवासी प्रतीकों की अनदेखी की गई है।

प्रशांत किशोर ने किया जन सुराज पार्टी का ऐलान

# जो काम लालू-नीतीश और पीएम मोदी नहीं कर पाए वो हम करेंगे...

पटना/ एजेंसी

चुनाव रणनीतिकार से नेता बने बने प्रशांत किशोर ने बुधवार को 'जन सुराज पार्टी' के नाम से अपना राजनीतिक दल गठित करने की घोषणा की. यह एक बहुप्रतीक्षित कदम है जिसके जरिए वह बिहार के राजनीतिक परिदृश्य में बड़ा बदलाव लाने की उम्मीद कर रहे हैं. किशोर ने मधुबनी में जन्मे भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी मनोज भारती को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया और कहा कि भारती मार्च तक इस पद पर रहेंगे. मार्च में पार्टी के संगठनात्मक चुनाव होंगे.पटना के वेटनरी कॉलेज मैदान में बुधवार को आयोजित एक



कार्यक्रम के दौरान किशोर ने यह घोषणा की. इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव, राजनयिक से नेता बने पवन वर्मा और पूर्व सांसद मोनाजिर हसन सहित कई जानी मानी हस्तियां मौजूद थीं. किशोर ने चंपारण से राज्य की तीन हजार किलोमीटर से अधिक लंबी 'पदयात्रा' शुरू करने के ठीक दो साल बाद इस पार्टी का गठन किया, जिसका उद्देश्य लोगों को प्रदेश में एक 'नया राजनीतिक विकल्प' देकर उन्हें संगठित करना है. चंपारण से ही महात्मा गांधी ने देश में पहला सत्याग्रह शुरू किया था.इस अवसर पर आई-पैक के संस्थापक किशोर ने कहा, जन सुराज अभियान का उद्देश्य बिहार के लोगों को यह समझाना है कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार के अवसर नहीं मिल पाए हैं क्योंकि उन्होंने कभी इन मुद्दों पर वोट नहीं दिया. हमारा शायद कुछ लोग मजाक उड़ाएं और कहें कि हम पलायन रोकने जैसे वादे कैसे पूरे करेंगे. लेकिन हमारे पास एक खाका है. किशोर ने कुछ साल पहले राजनीतिक परामर्श देने का काम छोड़ दिया.

### अयोध्या दुष्कर्म मामले में आया नया मोड़, सपा नेता मोईद खान नहीं

**लखनऊ।** अयोध्या सामूहिक दुष्कर्म मामले में एक नया खुलासा हुआ है। इस मामले में नाबालिग पीड़िता के भ्रूण में अभियुक्त सपा नेता मोईद खान के नौकर राजू खान का डीएनए पाया गया है। हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में मामले की सुनवाई के दौरान यह डीएनए रिपोर्ट राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत की गई। सोमवार को मामले की सुनवाई नहीं हो सकी और न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए तीन अक्टूबर की तिथि तय की है। यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने अभियुक्त मोईद खान की जमानत याचिका पर पारित किया। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक को एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था।

सीएम हेमंत सोरेन का बड़ा एलान

# राज्य के 24 जिलों में गरीब बच्चों के लिए स्कूल खोलेगा श्रम विभाग

नई दिल्ली/ एजेंसी

झारखंड में आगामी कुछ ही दिनों में विधानसभा चुनाव का एलान हो सकता है। इसे लेकर एक तरफ जहां तमाम राजनीतिक दलों की तरफ से अपनी-अपनी तैयारियां की जा रही है। वहीं राज्य में सत्ताधारी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तरफ से तमाम सरकारी योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जा रहा है। इस कड़ी में आज धनबाद के दौरे पर पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन ने बड़ा एलान किया है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य का श्रम विभाग अगले साल से 24 जिलों



में गरीब बच्चों के लिए स्कूल खोलने का काम शुरू करेगा। धनबाद जिले में एक सरकारी समारोह को संबोधित करते हुए सीएम सोरेन ने यह भी कहा कि झारखंड में मॉडल स्कूलों की संख्या वर्तमान 80 से बढ़कर 5,000 हो जाएगी, ताकि गरीब बच्चे निजी स्कूलों के छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें। इस कार्यक्रम में, मुख्यमंत्री ने लगभग 36,996 युवाओं को ऑफर लेटर वितरित किए, जिन्हें कई राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में भर्ती किया गया था। सीएम सोरेन ने कौशल अधिग्रहण के लिए ब्लॉक-स्तरीय संस्थानों के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं के खातों में यात्रा और बेरोजगारी भत्ता भी ट्रांसफर किया। इसके अलावा, सीएम ने धनबाद जिले के लिए लगभग 178.12 करोड़ रुपये की 217 परियोजनाओं का अनावरण किया। सोरेन ने कहा युवा श्रम विभाग के माध्यम से रोजगार पाने से पहले कई स्कूलों में अपनी शिक्षा प्राप्त करते हैं।

डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को फिर बेल

# 20 दिन की पैरोल पर जेल से बाहर आया...

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख एवं बलात्कार के मामले में दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह 20 दिन की पैरोल मिलने के बाद बुधवार को हरियाणा की रोहतक जेल से बाहर आ गया। अपनी अस्थायी रिहाई अवधि के दौरान सिंह का प्रवास उत्तर प्रदेश के बागपत के बरनावा में डेरा आश्रम में होगा। एक अधिकारी ने बताया कि वह आज सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच जेल से बाहर आया। हरियाणा सरकार ने सिंह को 20 दिन पैरोल की अनुमति दी है जबकि इस अवधि के दौरान उसके चुनाव संबंधी गतिविधियों से हिस्सा लेने, भाषण देने और राज्य में रहने पर रोक लगाई गई



है। सिंह 2017 में अपनी दो शिष्याओं से बलात्कार के जुर्म में 20 साल जेल की सजा काट रहा है। डेरा प्रमुख और तीन अन्य को 16 साल से भी अधिक समय पहले एक पत्रकार की हत्या के मामले में भी 2019 में दोषी ठहराया गया था।

### बंगाल में जूनियर डॉक्टरों का हल्लाबोल फिर हड़ताल का किया एलान बोले-सरकार का रवैया सही नहीं

**कोलकाता।** आरजी कर मामले में जल्द न्याय सहित कई मांगों को लेकर जूनियर डॉक्टर फिर से पूर्ण हड़ताल पर चले गए। आज सुबह से राज्य के सभी अस्पतालों में जूनियर डाक्टरों की हड़ताल शुरू हो गई। डॉक्टरों ने राज्य सरकार पर दबाव बनाने के लिए अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान किया है। जूनियर डॉक्टर 42 दिनों के विरोध प्रदर्शन के बाद 21 सितंबर को आंशिक रूप से सरकारी अस्पतालों में अपनी ड्यूटी पर वापस आ गए थे। वे 9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज ।

माओवादी देश के वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में

# नक्सली सीआरपीएफ शिविरों पर हमले के लिए पटाखों और अगरबत्ती का कर रहे इस्तेमाल......

नयी दिल्ली/ एजेंसी

माओवादी देश के वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में दूरदराज के इलाकों में सुरक्षा बलों के शिविरों पर हमला करने के लिए दिवाली के पटाखे और अगरबत्ती का इस्तेमाल कर रहे हैं. आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी. सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि रॉकेट और बंदूक से हमला करने से पहले शिविर में तैनात जवानों का ध्यान भटकाने के वास्ते अगरबत्ती से पटाखे फोड़ने की यह चाल 25 सितंबर को तेलंगाना के कोठागुडेम जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पुसुगुप्पा शिविर के आसपास देखी गई. नक्सल विरोधी अभियान में शामिल एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उस दिन शाम करीब 6.30 बजे जब अंधेरा छाने लगा तो तेलंगाना-छत्तीसगढ. सीमा पर स्थित शिविर में तैनात जवानों को अपने शिविर की सीमा से करीब 200 मीटर की दूरी पर विस्फोटों की आवाज सुनाई दी और धुआं दिखाई दिया. अधिकारी ने बताया कि घने जंगल वाले क्षेत्र में इसे नक्सलियों का हमला समझकर जैसे ही सीआरपीएफ जवानों ने मोर्चा संभाला, वैसे ही छिपे हुए माओवादी समूहों ने गोलीबारी की



और रॉकेट या बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) से विस्फोट किया. सैनिकों ने इंसास और एके राइफलों से जवाबी गोलीबारी की. करीब 45 मिनट तक आवाजें आती रहीं और गोलीबारी जारी रही जिसके बाद जवानों को पता चला कि नक्सली पीछे हट गए हैं. दिल्ली में मौजूद एक अन्य अधिकारी ने बताया कि शिविर के बाड़ को कुछ नुकसान पहुंचा लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ है. उन्होंने बताया, इससे पहले भी कुछ घटनाएं हुई हैं, जहां इस तरह की कार्यप्रणाली का इस्तेमाल जवानों का ध्यान भटकाने के लिए किया गया और फिर उनके शिविरों पर बंदूकों और रॉकेटों से हमला किया गया. लेकिन ये बातें निश्चयात्मक नहीं थीं, क्योंकि कोई सबूत नहीं मिला.एक अन्य अधिकारी ने कहा, पिछले महीने पुसुगुप्पा सीआरपीएफ शिविर पर हुए हमले ने इस बात की पुष्टि की है कि नक्सली ये नई चाल अपना रहे हैं. जवानों तथा बम निरोधक टीम ने इस संबंध में सबूत जुटाए हैं.

गिरोधपुरी से हुई थी छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा की शुरुआत

# कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में न्याय यात्रा से लोगों का विश्वास जीता,अहंकार की राजनीति काम नहीं करेगी-सचिन....

**रायपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में अपनी 'न्याय यात्रा' के जरिए लोगों का विश्वास जीता है और अहंकार की राजनीति अब काम नहीं करेगी. कांग्रेस की छत्तीसगढ़ इकाई के प्रमुख दीपक बैज के नेतृत्व में 'न्याय यात्रा' 27 सितंबर को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में सतनामी समुदाय के आस्था के केंद्र गिरौदपुरी से शुरू हुई. छह दिन में 125 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद बुधवार को रायपुर में पदयात्रा का समापन हुआ.यात्रा के समापन के बाद यहां गांधी मैदान में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के लिए कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट ने केंद्र और राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधा और उन पर उनकी पार्टी के नेताओं की आवाज को दबाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया.उन्होंने दावा किया कि राज्य में भाजपा के पिछले 10 माह के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ में आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य सरकार अपनी नाकामी को छिपाने के लिए कांग्रेस को बदनाम करने की कोशिश कर रही है. पायलट ने आरोप लगाया, राज्य सरकार कांग्रेस नेताओं को झूठे आरोपों में फंसा रही है. चाहे केंद्र की भाजपा सरकार हो या राज्य की, वे कांग्रेस नेताओं की



आवाज दबाने के लिए आयकर, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय का इस्तेमाल करते हैं. उन्होंने कहा, न्याय यात्रा के जरिए हमने लोगों का विश्वास जीता है. अहंकार, हमले और दबाव की राजनीति अब नहीं चलेगी. आप (भाजपा) सत्ता में आए हैं, इसलिए आपको विपक्ष को डराने के बजाय अपने घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करना चाहिए. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लोगों ने सुशासन के लिए सरकार चुनी थीं, लेकिन यहां की सरकार कांग्रेस को खत्म करना चाहती है. पायलट ने कहा, हम महात्मा गांधी को मानते हैं. सत्य, अहिंसा, सद्भावना और कड़ी मेहनत के मूल्य हमारे भीतर हैं. लेकिन हमारी गांधीवादी सोच, हमारी शालीनता को हमारी कमजोरी मत समझिए. अगर आप लोगों का शोषण करना बंद नहीं करेंगे, अगर आप झूठे मुकदमे दर्ज करना बंद नहीं करेंगे, अगर आप बदले की राजनीति बंद नहीं करेंगे।

सिद्दरमैया ने गांधी का उद्धरण देते कहा

# अंतरात्मा की अदालत सभी अदालतों से ऊपर

**बेंगलुरु।** मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण 'घोटाले' पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय की जांच का सामना कर रहे कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने बुधवार को महात्मा गांधी का उद्धरण देते हुए कहा कि अंतरात्मा की अदालत, सभी अदालतों से ऊपर है. उन्होंने कहा कि गांधी जी की भले ही हत्या कर दी गयी हो लेकिन उनके आदर्शों की हत्या नहीं की जा सकती, सच्चाई और अहिंसा को नहीं मारा जा सकता. सिद्दरमैया ने कहा, महात्मा गांधी जी ने कहा था कि हमारी सभी अदालतों से ऊपर एक सर्वोच्च अदालत है



और वह अंतरात्मा की अदालत है, यह बाकी सभी अदालतों से बढ.कर हैज. कभी-कभी सभी को अदालतों से न्याय नहीं मिल पाता है, लेकिन मैं यह स्पष्ट रूप से कह सकता हूं, जैसा कि गांधी जी ने कहा था-जो अदालतें हम देखते हैं ।

# जिनके ऊपर लूटपाट डकैत जैसी न्यायालयीन प्रक्रिया चल रहा हो वह कांग्रेस पार्टी को नसीहत ना दे : जयश्री वर्मा



**सेलुद/समय दर्शन।** कुछ दिन पहले पाटन के विधायक भूपेश बघेल शासकीय स्कूलों में अपने प्रतिनिधियों की नियुक्ति किए है जिसके विरोध में सेलुद के उपसरपंच का बयान आया था जिसका कांग्रेस नेत्री पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा ने खंडन करते हुए कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी के समर्थित पंचो के समर्थन के माध्यम से उपसरपंच बने है आज उसी पार्टी को सलाह देने का काम आज ग्राम पंचायत सेलुद के उपसरपंच चंचल यादव कर रहे है जानकारी का अभाव है की ज्ञान की ही कमी है यह समझ से परे है लेकिन स्वामी आत्मानंद स्कुल में सेलुद सहित आसपास दर्जनों गांवों के बच्चे पढाई करते है और विधायक प्रतिनिधि इनमें से किसी भी गांव के व्यक्ति को बनाना पार्टी और विधायक का स्वतंत्र विचार होता है। न ही अन्य गांव के विधायक प्रतिनिधि बनाने से किसी गाँव के इतिहास का अपमान होता है अपने जानकारी दुरुस्त कर लेंवे की जिस चुनकट्टा निवासी का आप विरोध कर रहे है उसके स्वयं के बच्चे स्वामी आत्मानंद स्कुल में पढ रहे है ।सेलुद के पावन मिट्टी के लिए अपने पांच साल में क्या काम किए है उसे बताये कैसे दो बार सेलुद की जनता चुनाव में नकार चुकी है ।गांव के श्रमिको से कार्य लेने के बाद भी उनकी राशि भुगतान क्यों नहीं कर पाए ये भी बताये और कांग्रेस के समर्थन में कैसे उपसरपंच बने इसको भी जनता को बताना चाहिए । गांव हित की बात कर रहे है तो ये भी बताए की अभी गांव के किसानों द्वारा फसल बचाने के लिए गांव के गौठान में घुमंतु मवेशी का व्यवस्था किया जा रहा है उसमे गौठान का ताला तोड़कर व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास क्यों किया? कांग्रेस पार्टी देश मे राज करने वाली चिंतनशील पार्टी है देश को विकास के पथ पर ले जाने वाली पार्टी कांग्रेस पार्टी ही है जितने भी आधारभुत काम ग्राम सेलुद के साथ देश प्रदेश में हुए है उसमें भी कांग्रेस समर्थित लोगों का हाथ है । आर्थिक लाभ व पद लोलुप्ता के लिए पार्टी बदलने वालों और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मारपीट कर 3 महीने जेल में रहकर अभी भी धारा 147,294,323,506,327,427,456 के तहत प्रकरण चल रहा हो उनसे कांग्रेस पार्टी को सलाह की जरुरत नहीं है ऐसे सलाह जिस पार्टी में है उसी पार्टी को देंवे । पार्टी बदलकर लाभ नहीं मिलने की खीझ अपने पार्टी में निकाले ।कुछ लोगों का मोहरा बनकर कार्य न करे बल्कि आप जनहित की मुद्दो पर ध्यान दे।

## संक्षिप्त समाचार

### गांधी जयंती पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान



**जांजगीर ,,समय दर्शन** भारतीय जनता पार्टी ने आज गांधी जयंती स्वच्छता अभियान चलाकर बनाया कार्यकर्ताओ ने आज हाउसिंग बोर्ड कालोनी जाकर महात्मा गांधी की प्रतिमा समेत पुरे परिसर की साफसफाई की उसके पश्चात राष्ट्रीय गान जन गन मन गीत गाया उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए भाजपा सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने कहा कि आज हमारे राष्ट्रपिता की जन्म जयंती है और इस अवसर पर पूरे देश मे भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम चला रही है आजादी के महानायक और अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले और स्वच्छता के लिए आम नागरिको को प्रेरित करने वाले एकमात्र महामानव गांधी जी थे इस अभियान को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, अभिमन्यु राठौर, जितेंद्र देवांगन, पंकज अग्रवाल, अनुराग तिवारी, पुष्पेंद्र निर्मलकर, राहुल सेन, सूर्यप्रताप सिंह, श्याम यादव, सुरेंद्र यादव, चंद्रकांत रात्रे, गेंदराम कुर्रे, महेश राठौर, योगेश चौरसिया, प्रदीप राठौर सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे

### स्काउट गाइड संघ बसना के तत्वावधान में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन



**बसना ( समय दर्शन )।** राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर विकासखंड स्काउट गाइड संघ बसना के तत्वावधान में शासकीय कन्या उच्च माध्य विद्यालय बसना में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

जिसमें शीत गुप्ता अध्यक्ष स्थानीय संघ बसना डॉ. विवेकानन्द दास विकासखंड सचिव, गिरीश पाढी (ए एल टी), अनिल साव कोषाध्यक्ष, डिजेंद्र कुर्रे, प्रेमचंद साव, कुसुम कोटक एवं उर्वशी नेताम गाइडर तथा समीक्षा चतुर्वेदी, रोशनी साहू, वृंदावती पटेल, पल्लवी भोई, हेमांगिनी साहू, संगीता साहू, दिया प्रधान, निहारिका प्रधान, जागेश्वरी दास, सुमन यादव, चांदनी देवांगन, खिलेंन्द्री साव, रानू बारिक, सुमन साव, माही प्रधान, कहकशा अंजुम, नेहा पटेल आदि गाइड्स एवं स्वाधीन शौर्य दास स्काउट गाईडर उपस्थित थे।

### किरन्दुल से लौह अयस्क की अवैध रूप से परिवहन करते 04 व्यक्ति पकड़ाये



**किरंदुल।** जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में अवैध गतिविधियों एवं अपराधों को रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक गौरव राय जिला दन्तेवाड़ा के दिशा निर्देश विजय पटेल थाना प्रभारी सिटी कोतवाली दन्तेवाड़ा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस को जरिये मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एनएमडीसी किरन्दुल से ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5708 एवं सीजी 04 एमए 8941 पर अवैध रूप से लौह अयस्क परिवहन करने की सूचना मिलने पर हमराह स्टाफ पातररास न्यू बाईपास रोड के पास मुखबीर के बताये अनुसार दोनों संदिग्ध वाहन को प्रातः 03.00 बजे रोककर पूछताछ किये एवं ट्रक में लोड लौह अयस्क के बारे में पूछताछ करने पर एवं लौह अयस्क संबंधी पेपर की मांग करने पर गोलमोल जवाब देना एवं पेपर नहीं होना बताने पर संदिग्ध ड्रायवरों को एवं साथ मे बैठे व्यक्ति को हिरसत में लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम जलंधर बिहारी पिता बालमोहन बिहारी,मनोज कुमार साहू पिता घनश्याम साहू,यादराम यादव पिता कल्याण सिंह,मोहन मण्डावी पिता आयतू मण्डावी ने बताये कि एमबी साईड एनएमडीसी किरन्दुल से हुंडई कंपनी की 200 मशीन से एमबी साईड के लोडिंग से आपरेटर मनोज साहू ने दोनों ट्रकों में 200 मशीन से लोड किया था। दोनों ट्रकों में भरे लौह अयस्क को जगदलपुर तक छोड़ रहे थे ।उक्त कार्यवाही वन विभाग एवं पुलिस विभाग के साथ मिलकर संयुक्त कार्यवाही किया गया।

# दुर्ग एनएसयूआई ने राहगीरों को गुलाब फुल शांति का संदेश देकर मनाया गांधी जयंती




**दुर्ग ( समय दर्शन )।** विश्व को सत्य, अहिंसा का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर गांधी प्रतिमा दुर्ग में आज दुर्ग जिला ह्स्ढ्ढ के तत्वधान में एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू साहू के नेत्तृत्व में बापू जी को पुष्पांजलि अर्पित कर गांधी जयंती के अवसर पर उनके सिद्धांत को अपनाते हुए एकत्र होकर गांधी जी की प्रतिमा पर श्रद्धा पूर्वक पुष्प अर्पित किए उनके द्वारा दिए गए संदेश सत्य और अहिंसा के सिद्धांत को संकल्प लेकर आम राहगीरों को गुलाब फूल भेंट कर बापू जी के देश के प्रति दिए गए बलिदान को याद कर उन्हें नमन किया..।।

इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे अपने आस-पास की सफाई में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।इसके साथ ही, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती भी मनाई गई। सभी ने उनके जीवन और कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की यह आयोजन न केवल गांधी जी और शास्त्री जी की शिक्षाओं को स्मरण करने का अवसर था, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक महत्वपूर्ण प्रयास था

इस अवसर पर मुख्य रूप से गोल्डी कोसरे, तुषार कुमार, बॉबी गिल, आर्य, राज, देवेश, राहुल ,रोहन ताम्रकार ,लक्ष्य शर्मा, आयुष शर्मा, विकाश साहू, कृष्णा, प्रथम,यश सोनी, हिमांशु सिंह, राहुल झा, सृजन साहू, आयुष चंद्र, खूबचंद साहू, अर्पित पडवेकर, सोनल पंडित, हर्ष सिंह सहित बहुत से पदाधिकारी मौजूद थे

# नायब तहसीलदार ने जारी किया अज्ञात व्यक्ति के खिलाफस्थगन आदेश, सांकरा में शासकीय जमीन में कब्जा प्लाटिंग करने का मामला, खबर का असर



**पाटन ( समय दर्शन )।** पाटन ब्लॉक के ग्राम साकरा में शासकीय जमीन पर अतिक्रमण करके अवैध कब्जा करते हुए प्लाटिंग किए जाने का खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद आज बुधवार को एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव ने तत्काल नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह को मौका निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके बाद मौका निरीक्षण के बाद नायब तहसीलदार ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ स्थगन आदेश जारी किया है । इसके साथ ही पटवारी सरपंच एवं ग्राम के सचिव को प्रतिदिन निगरानी करने तथा शासकीय भूमि का बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए हैं। बता दे कि करीब 3 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण कर प्लाटिंग का कार्य को अंजाम दिया जा रहा था। हालांकि राजस्व और पंचायत विभाग दोनों नहीं बता पाए कि इस जगह पर किनके द्वारा कब्जा किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

**पंचायत ने पहले ही किया था शिकायत-** ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच श्रीमती रेमन जांगड़े ने बताया कि ग्राम पंचायत के द्वारा पूर्व में ही इस जगह पर अतिक्रमण होने की जानकारी राजस्व विभाग को दी थी। लेकिन किसी प्रकार की संज्ञा नहीं लिया गया। अभी वर्तमान में अब संज्ञान लिया गया है। उन्होंने मांग किया है कि अवैध रूप से जो कब्जा कर रहे हैं उन पर कार्रवाई की जाए।

# डी ए वी स्कूल में स्वच्छता दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन



**किरंदुल ( समय दर्शन )।** डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता दौड़ प्रतियोगिता रन फॉर डी ए वी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के एनसीसी, एनएसएस ,स्काउट गाइड व अन्य छात्र-छात्राओं ने भाग लिया बालक वर्ग में प्रथम स्थान रोहित गुप्ता ने प्राप्त किया इन्हें ?1000 का नगद राशि एवं मेडल प्राप्त हुआ। दूसरे स्थान पर नवीन सुन्नम रहे जिन्हें 700 की नगद राशि एवं मैडल प्रदान किया गया।दिवाकर बैरागी तृतीया ?500 नगद नागेश चतुर्थ व पिंटू बघेल ने पांचवा स्थान प्राप्त किया । इसी तरह बालिका वर्ग में भूमिका ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया उन्हें 1000 नगद एवं मैडल प्रदान किया गया ,हिमांशी यादव द्वितीय 700 एवं मैडल प्रदान किया गया सावित्री तृतीय 500 नगद व मेडल, स्नेहा मेश्राम चतुर्थ व कृतिका कश्यप ने पांचवा स्थान प्राप्त किया इसके पश्चात विद्यालय में प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें आज महात्मा गांधी वी लाल बहादुर शास्त्री जी को याद किया गया एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ इन दोनों महान नेताओं की शिक्षाओं एवं आदर्शों को स्मरण किया गया विद्यालय के प्राचार्य पी एल वर्मा ने कार्यक्रम की सफलता पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# खेलो इंडिया वोमेन खो-खो लीग में छत्तीसगढ़ टीम को मिला कांस्य पदक.... झीट की बालिकाओं ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**पाटन ( समय दर्शन )।** ग्राम झीट में लगातार कुछ वर्षो मे खेल के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहा है। यहाँ के खिलाड़ी प्रतिदिन सुबह शाम खो खो तथा अन्य खेलों का अभ्यास करने के लिए मैदान आते है और प्रतिवर्ष 25 - 30 खो खो और वेटलिफ्टिंग जैसे खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर मेडल भी जीत कर आते है, हाल हि मे झीट ग्राम के छत्तीसगढ़ का एक मात्र खिलाडी देश के नम्बर वन हाई प्रदर्शन केंद्र ओडिशा ( पुरी) के लिए चयन हुआ है, जिसमे उनको निशुल्क खेल प्रशिक्षण, आवास, भोजन सुविधा शामिल है इसी कड़ी मे एक और उपलब्धि बालिकाओं ने दिलाई है।



झीट की वंशिका साहू, सावित्री ठाकुर, निकिता साहू ने गुजरात ( वड़ोदरा) मे 26 सितंबर से 29 सितंबर तक आयोजित सब जूनियर, और जूनियर कैटेगरी मे खेलो इंडिया वुमेन खो खो लीग मे छत्तीसगढ़ की खो खो टीम को कास्य पदक दिलाने मे अहम भूमिका निभाई । ये तीनो खिलाड़ी शासकीय माध्यमिक स्कूल और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रा हैं, और प्रतिदित एडवेंचर स्पोर्ट्स में अभ्यास करती है। मेडल जीतने पर स्कूल के प्रचार्या भारती दुबे, प्रधान पाठक छत्तर राम ठाकुर क्लब के अध्यक्ष पवन ठाकुर, अनिल मणिकपुरी, सहित सभी प्रशिक्षक संरक्षक गण और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है

# गांव वालों की हुई जीत, अब अम्लेश्वर पालिका क्षेत्र में नही खुलेगा शराब दुकान, प्रस्तावित शराब दुकान के सामने बैठकर विरोध कर रहे ग्रामीण

**पाटन ( समय दर्शन )।** नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्र में प्रस्तावित शराब दुकान का विरोध कर रहे ग्रामीणों की आखिरकार जीत हुई है । प्रशासन ने अभी वर्तमान में वहां पर प्रस्तावित शराब दुकान खोलने की निर्णय को स्थगित कर दिया है। इसकी खबर लगते ही धरने पर बैठे ग्रामीणों में काफी खुशी की लहर है ।बता दे कि यहां पर अम्लेश्वर पालिका क्षेत्र में खड़मुड़ा रोड पर शराब दुकान प्रस्तावित था। इसकी खबर लगते ही मौके पर अम्लेशवर पालिका क्षेत्र के रहवासियों ने इसका विरोध करते हुए प्रस्तावित शराब दुकान के सामने ही धरने पर बैठ गए थे । लगातार तीन दिन धरने पर बैठने के बाद आखिरकार प्रशासन को झुकना पड़ा और ग्रामीणों के विरोध के चलते शराब दुकान खोलने का निर्णय को अभी वर्तमान में स्थगित किया गया है।



इस अवसर पर समाज सेवी पवन खंडेलवाल, बी आर साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ पाटन के अध्यक्ष संजय यदु, नगर पालिका अम्लेश्वर के पूर्व अध्यक्ष उमेश साहू, युगल साहू , भरत वर्मा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुमित चंद्राकर, बबलू यदु, थानेश्वर यदु, भोला वर्मा, बिट्टू चंदरकार,, राजेश्वर सिन्हा ,सुवाल साहू, भोलेश्वर वर्मा, हितेंद्र पटेल, डोमन चंद्राकर, अनिल मानिकपुरी, भाजपा नेता कैलाश यादव, मोहन साहू, नीरज यदु, सुकालू साहू, वंश चंद्राकर, गिरधर, भागी, भुनु साहू, रवि साहू, भारत साहू, धर्मेंद्र सोनकर, सहित अन्य मौजूद थे।

**सांसद विजय बघेल ने कलेक्टर को दिए निर्देश-** अमलेश्वर में प्रस्तावित शराब दुकान की खबर सुनकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्रकार के नेतृत्व में सांसद विजय बघेल से मुलाकात किया और शराब दुकान खोले जाने का विरोध किया । शराब दुकान खुलने से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का बोलबाला बढ़ जाने की भी जानकारी भाजपा कार्यकर्ताओं ने संसद को दी । इसके बाद सांसद श्री बघेल ने कलेक्टर से चर्चा करके अमलेश्वर में शराब दुकान नहीं खोलने के निर्देश भी दिए।

**मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार और सीएमओ-** धरना प्रदर्शन के बाद जब प्रशासन ने अम्लेश्वर में प्रस्तावित शराब दुकान खोलने का स्थगित करने का निर्देश तब ग्रामीण काफी खुश हुए। धरना स्थल पर नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह ओर सीएमओ श्रीमती प्रीति गुप्ता पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी दिया की अभी वर्तमान शराब दुकान खोलने का निर्णय को स्थगित किया गया है।

**फटाखे फोड़कर मनाई खुशियां-** जैसे ही नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह के द्वारा शासन के द्वारा लिए गए निर्णय से अवगत कराया कि अभी वर्तमान में यहां पर शराब दुकान खोले जाने का निर्णय को स्थगित किया गया है। इसको सुनते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई और पटाखे फोड़कर ग्रामीण एक दूसरे को बधाई दी और साथ ही साथ शासन प्रशासन का आभार भी जताया।

सार समाचार

## सरेआम शराब पीते 16 लोग गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्र में सरेआम शराब पीते 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा पुलिस ने बरौदा तालाब के पास सरेआम शराब पीते आरोपी गुलशन जांगड़े 19 वर्ष व आकाश मारकण्डे 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी योगेश कुमार साहू 26 वर्ष व लालाराम याद 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी लल्लन कुमार यादव 40 वर्ष व नवेन्द्र पदमवार 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं कोतवाली पुलिस ने आरोपी बबलू संेदे 32 वर्ष व रिषभ गिरी 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह डीडीनगर पुलिस ने आरोपी राहुल सिंह 28 वर्ष व लोकेश साहू 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी योगेश बंजारे 32 वर्ष, आरंग पुलिस ने आरोपी पवन निषाद 34 वर्ष एवं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी जितु बथे 46 वर्ष, टीकम निषाद 38 वर्ष व पुष्पेन्द्र साहू 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं कबीरनगर पुलिस ने आरोपी सोहेल खान 19 वर्ष को गिरफ्ताार किया है।

## सेंट्रल जेल के अंदर जमकर चला चाकू

**रायपुर( समय दर्शन )।** सेंट्रल जेल में बदमाशों के बीच वर्चस्व की लड़ाई ने एक बार फिर खतरनाक मोड़ ले लिया है। ताजा मामला तब उजागर हुआ जब एक घायल कैदी को इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल लाया गया था। जेल में एक पखवाड़ा पूर्व चाकूबाजी की घटना का बदला लेने एक बदमाश ने इस कैदी पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चाकूबाजी की घटना 27 सितंबर को हुई। हमला करने वाला मौदहापारा थाना क्षेत्र का बदमाश आसिफ उर्फ बुट्टी है, जिसने तेलीबांधा थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर सैयद नदीम पर चाकू से हमला किया। बता दें कि नदीम पिछले 5 साल से दीपक नायडू की हत्या के आरोप में जेल में बंद है। इस हमले में नदीम के गाल, चेहरे और सिर पर चोट आई है। बदमाशों ने जेल में खाना खाने के दौरान चम्मच को चुराकर उसे घिसकर चाकू में बदल दिया और इसी से एक-दूसरे पर हमला किया। यह चाकूबाजी बैरक में दबदबा कायम करने के लिए की गई थी। बताया जा रहा है कि आसिफ ने मौदहापारा थाना क्षेत्र के बदमाश शेख साहिल पर 12 जून को किए गए हमले का बदला लेने के लिए नदीम पर हमला किया। हमले के समय सभी बदमाश एक ही बैरक में बंद थे। यह घटना जेल के छोटी गोल के बैरक में हुई है।

प्रेस क्लब के पुर्ननिर्माण कार्य के लिए 5 लाख की राशि देने की घोषणा की

# रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के लिए 50 करोड़ के निर्माण कार्य स्वीकृत कराए- मोतीलाल साहू




**रायपुर( समय दर्शन )।** मेरा जन्म ग्रामीण परिवेश में बलौदाबाजार जिले के पलारी विकासखंड के केसला गांव में हुआ किसान का बेटा होने के नाते शुरू से ही पढ़ाई के साथ साथ कृषि कार्यो में हाथ बंटाता रहा। सिविल इंजीनियर होनें के नाते कुछ समय तक अभनपुर क्षेत्र में आईटीआई महाविद्यालय चलाया। परिवार में दो बेटे है जो इलेक्ट्रीकल और सिविल इंजीनियर है। बेटी ने एमएससी बॉयोटेक किया है उक्ताशय की निजी एवं पारिवारिक जीवन एवं सार्वजनिक क्षेत्र की जानकारी साझा करते हुए भारतीय जनता पार्टी रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोतीलाल साहू ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित रूबरू कार्यक्रम में बताया कि उनका विधानसभा क्षेत्र रायपुर में सबसे बड़ा है समस्याएं अनंत है निराकरण के लिए वे सदैव उपलब्ध है। विधायक साहू ने रूबरू कार्यक्रम में बताया कि अपने विधानसभा क्षेत्र में अब तक निर्माण कार्यो के लिए 50 करोड़ की राशि स्वीकृत कराई है। क्षेत्र में पेयजल समस्या सड़कों की मरमम्त स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य समस्याओं के निपटारे के लिए वे सक्रिय रूप से कार्य कर रहे है। रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के अंतगर्त औद्योगिक कल कारखानों द्वारा राजधानी को प्रदूषित किए जाने संबंधी प्रश्न पर विधायक साहू ने कहा की इस संबंध में पर्यावरण संरक्षण मंडल के प्रमुख अधिकारियों को औद्योगिक ईकाईयों के प्रबंधनों को समय समय पर जांच कर दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए है। विधायक मोतीलाल साहू का प्रेस क्लब के रूबरू कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर उपाध्यक्ष वैभव पांडे कोषाध्यक्ष रमन हलवाई संयुक्त सचिव अरविंद सोनवानी वरिष्ठ पत्रकार अनिरूध्द दुबे, प्रत्युष शर्मा, भारत योगी एवं संदीप शर्मा ने पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में विधायक मोतीलाल साहू ने प्रेस क्लब में हो रहे पुर्ननिर्माण कार्यो के लिए 5 लाख्र रूपए स्वीकृत करने की घोषणा की। सदैव की भांति प्रेस क्लब में पहली बार आने पर विधायक मोतीलाल साहू को प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## अपराध रोकने के लिए तेलीबांधा थाने का शुद्धिकरण, वीडियो वायरल...



**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी के तेलीबांधा थाने से एक अनोखा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक पुलिस सिपाही को थाने के गेट पर पूजा करते और नारियल फोड़ते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद लोगों ने इसे अपराध रोकने के प्रयास से जोड़कर कई तरह के कमेंट्स किए हैं। वीडियो में दिखाया गया सिपाही थाने के गेट पर पूजा करने के बाद नारियल फोड़ते नजर आ रहा है, जिसके बाद वह थाने के अंदर प्रवेश करता है। सोशल मीडिया पर इसे लेकर कई उपयोगकर्ताओं ने टिप्पणी की है कि यह थाने का शुद्धिकरण है, जो इलाके में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए किया गया है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि यह एक धार्मिक आस्था का प्रतीक हो सकता है, जबकि कुछ ने इसे व्यंग्यपूर्ण तरीके से लिया। तेलीबांधा थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई हत्या और अन्य आपराधिक घटनाओं के चलते यह वीडियो और अधिक ध्यान आकर्षित कर रहा है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह सिपाही पेट्रोलिंग टीम का हिस्सा है, और वह अपनी नियमित दिनचर्या के तहत थाने आने से पहले गेट की पूजा करता है।

# सेना की ताकत और कौशल को देखने का सुनहरा मौका : बिग्रेडियर आनंद

### भारतीय सैनिकों के साथ दंतेवाड़ा के युवा घुड़सवारी में दिखायेंगे अपनी प्रतिभा

**रायपुर( समय दर्शन )।** साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सशस्त्र सैन्य समारोह के पूर्व आज पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में बिग्रेडियर अमन आनंद (विशिष्ट सेवा मेडल) एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने प्रेसवार्ता लेकर आयोजन की तैयारियों के बारे में जानकारी साझा की। बिग्रेडियर अमन आनंद ने कहा कि भारतीय सेना की ताकत और कौशल को करीब से देखने को मिलेगा। युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करने सशस्त्र सैन्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से भारतीय सेना के कौशल एवं ताकत का प्रदर्शन देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करने एवं भारतीय सेना की शक्ति और क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इससे लोगों के बीच राष्ट्रवाद और देशभक्ति को बढ़ावा मिलेगा और नागरिक-सैन्य संबंध मजबूत के बारे में भी जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना से जुड़ने के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। इस आयोजन में बड़े-बड़े आधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी लगेगी। प्रमुख रूप से युद्ध के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन की प्रदर्शनी के माध्यम से देखने को मिलेगी। आनंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है और आयोजन को सफल बनाया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि भारतीय सेना की देश भक्ति जज्बा, शक्ति और क्षमताओं की ताकत सशस्त्र सैन्य समारोह में देखने को मिलेगा। भीष्म टैंक समेत अनेक उपकरणों का रोमांच देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में दंतेवाड़ा के प्रतिभावान युवा घुड़सवारी के माध्यम से के कौशल दिखाई देंगे। कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों के लिए साइंस कॉलेज मैदान तक पहुंचने के लिए अलग-अलग स्थानों से बस चलाए जाएंगे। अधिक से अधिक संख्या में लोगों के पहुंचने का आग्रह किया। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में ऐसे आयोजन होने के बाद सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और भारतीय सेना में जाने के लिए प्रोत्साहित होंगे। इस अवसर पर कर्नल सुदीप बोस, सुमीत शर्मा, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप भी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर किया नमन



**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 2 अक्टूबर को अपने निवास कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने महात्मा गांधी के अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि गांधी जी ने भारत में स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने सत्य, प्रेम और अहिंसा का मार्ग अपनाकर पूरे विश्व के सामने मिसाल कायम की। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण करते हुए कहा कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम में शास्त्री जी का महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने 'जय जवान-जय किसान' का नारा देकर जनता का मनोबल बढ़ाया। शास्त्री जी ने सादगी से जीवन जिया और अपना पूरा जीवन गरीबों की सेवा में अर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शास्त्री जी के विचार और जीवन मूल्य सदा लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

## लाखों का गांजा खपाने राजधानी पहुंचे चार युवक गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारककोटिक सेल की टीम ने मुखबीर की सूचना पर गांजा खपाने पहुंचे 4 तस्करों को दबोचा है। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। पूरा मामला पुरानीबस्ती थाना क्षेत्र का है। मुखबीर की सूचना पर टीम ने थाना पुरानी बस्ती क्षेत्र अंतर्गत राधास्वामी नगर के पास छापा मारा। यहां गांजा खपाने पहुंचे आरोपी नीरज ताम्रकार पिता मुरली ताम्रकार उम्र 31 साल निवासी नारायण गंज नावघर के पास थाना टिकरिया जिला मण्डला मध्यप्रदेश, 02 संतोष साहू पिता गोपाल साहू उम्र 33 साल निवासी ग्राम परतेवा थाना राजिम जिला गरियाबन्द छ0ग0 हाल मठपारा कचना थाना खम्हारडीह रायपुर, 03 ईतवारी नागरची पिता गौर सिंग नगरची उम्र 20 साल निवासी सत्यम नगर सोसायटी के पास कचना थाना खम्हारडीह रायपुर तथा 04 तुलेश्वर साहू पिता घासी राम साहू उम्र 25 साल निवासी ग्राम परतेवा थाना राजिम जिला गरियाबन्द को दबोचा। आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी संतोष साहू द्वारा बताया गया कि वह अपने साथी तुलेश्वर साहू एवं इतवारी नागर्ची के साथ नीरज ताम्रकार द्वारा गांजा मंगाये जाने पर उड़ीसा बलांगीर से गांजा लाकर यहां नीरज ताम्रकार को सप्लाय करता है। जिस पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40 किलोग्राम गांजा तथा घटना में प्रयुक्त 01 नग चारपहिया वाहन जुमला कीमती लगभग 12,50,000/- रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना पुरानी बस्ती में अपराध क्रमांक 406/24 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी नई दिल्ली में पीडब्ल्यूडी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए अधिकारियों के साथ निरीक्षण करती हुईं।



## विवि हॉस्टल के छात्रों ने आधी रात किया अर्धनग्न प्रदर्शन

**रायपुर( समय दर्शन )।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि के हॉस्टल के छात्र जातिगत भेदभाव करने पर कैंपस में आधीरात अर्धनग्न प्रदर्शन किया। छात्रों ने कहा कि उन्हें प्रताड़ित किया गया, निजी कार्य कराया जा रहा है। छात्रों का कहना है कि कुलसचिव ने धमकाया है। वार्डन ने प्रताड़ित किया। मामला रविवि के शहीद चंद्रशेखर आजाद छात्रावास का है। इस दौरान छात्रों ने हॉस्टल में रहने के बजाय पं. रविशंकर शुक्ल की प्रतिमा के नीचे ही पूरी रात बिताई। वार्डन कमलेश शुक्ला पर स्त्रद्भक्र और कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। आजाद छात्रावास के छात्रों ने रविवि की प्रिवेंस कमेटी के अध्यक्ष, सांसद और मंत्री सहित अन्य लोगों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि छात्रावास अधीक्षक और बायोटेक्निक विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कमलेश शुक्ला छात्रों को प्रताड़ित किया है। छात्रों का आरोप है कि कुलसचिव शैलेंद्र पटेल और अधीक्षक कमलेश शुक्ला की दोस्ती है। इसी का हवाला देकर वार्डन धमकाता है। इसके अलावा पत्र में लिखा गया है कि छात्रावास में विराजित गणेश भगवान की संध्या आरती के बाद 9 सितंबर को कुलसचिव ने भी धमकाया। उनके जाने के बाद अधीक्षक ने पावर देखे जाने की बात कहकर ताना मारा गया।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हितग्राहियों को सौंपी प्रधानमंत्री आवास की चाबी

### अपने पक्के मकान की चाबी पाकर खिले चेहरे

**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सूरजपुर में आयोजित सियान सम्मान समारोह में जिले के अंतर्गत आने वाले सभी जनपदों से एक-एक हितग्राहियों को आवास की चाभी सौंपकर शुभकामनाएं दी7 इस अवसर पर मुख्यमंत्री के हाथों अपने पक्के आवास की चाबी पाकर हितग्राहियों के चेहरे चमक गए। अपने आवास की चाबी पाकर प्रतापपुर, प्रेमनगर एवं ओडगी के हितग्राही क्रमशः श्री देवशरण, श्री वीरसाय एवं श्री बृजलाल ने खुशी जताते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास हमारे लिए बहुत सार्थक सिद्ध हो रहा है, अब हमारे पास अपना पक्का मकान है7 हमारा निवास क्षेत्र हाथियों के विचरण से प्रभावित होने के कारण मन के एक कोने में हमेशा चिंता बनी ही रहती थी, जो अब पूरी तरह ख़त्म हो गई है। भैयाथान, रामानुजनगर एवं सुरजपुर के हितग्राही श्री संतोष कुमार, श्रीमती सुखमनिया एवं श्री बरातू ने बताया कि हर वर्ष दीवार में सीलन, छानी ठीक करने, घर में पानी टपकने जैसी समस्याओं से दो चार होना पड़ता था जो अब दूर हो गई है7 घर में होने वाली परेशानियां दूर होने से आर्थिक बचत हो रही है, जिसका उपयोग बच्चो की पढ़ाई-लिखाई, घर का राशन व अन्य कार्यों में कर पा रहे हैं। हितग्राहियों ने बताया कि यह योजना बहुत अच्छी है कि इसका पैसा सीधे हमारे खाते में आता है, किसी बिचौलिए या राशि नहीं मिलने जैसी समस्याएं नहीं होती हैं। राशि पाकर केवल हमें निश्चित स्तर तक का काम कराना होता है। हम माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी का बड़े सम्मानपूर्वक पीएम आवास योजना जैसी सुंदर योजना लागू करने के लिए आभार व्यक्त करते है। जिले में अब तक 35254 हितग्राहियों के ऐसे सपने पूरे हो चुके हैं7 जो इन आवासों को पूर्ण कराकर इसमें रह रहें हैं। इनके खातों में 505 करोड़ रुपय भेजी का चुकी है। साथ ही विगत 10 दिन पहले 20000 से अधिक के आवास के हितग्राहियों को अपने आवास की निर्माण शुरू करने के लिए लगभग 80 करोड़ से अधिक की राशि हितग्राहियों के खातों में हस्तांतरित कर आवास निर्माण शुरू किया जा रहा है।




## अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर निवासी अतुल कुमार सोनी 61 वर्ष ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीजेड 8605 को गोल चौक स्थित अपर संचालक उच्च शिक्षा कार्यालय के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 7 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में देवेन्द्र नगर निवासी लक्ष्मीकांत तिवारी 27 वर्ष ने सिविल लाइन थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एलटी 9803 को भाटिया नर्सिंग होम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## संपादकीय

# मस्क को कानून के घेरे में लेने में अक्षम

दुनिया के सबसे धनी लोगों के हितों के पक्ष में मस्क विवेक एवं सर्व-स्वीकृत मर्यादाओं पर हमले करने लगें और एक्स से जरिए उनका प्रचार करने लगें, तो मानव सभ्यता के लिए पैदा होने वाले खतरों का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। इलॉन मस्क के पोस्ट आपकी टाइमलाइन पर आएं, इसके लिए जरूरी नहीं है कि सोशल मीडिया साइट एक्स (पहले ट्विटर) पर आप उन्हें फॉलो करें। यह विशेषाधिकार उन्होंने एक्स का मालिक होने के नाते हासिल कर रखा है। उनका दावा है कि उनके पोस्ट दुनिया भर में 20 करोड़ यूजर्स तक पहुंचते हैँ। संवाद करने की अपनी इस शक्ति का लाभ उठाकर वे मनमानी बातें लोगों तक पहुंचाते हैं। मस्क दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति हैं। अरबपति लोगों के क्लब में उनका उठना-बैठना है। दुनिया भर में ऐसे समूह लगातार अधिक-से-अधिक धुर-दक्षिणपंथी होते गए है। मस्क इसकी सबसे उम्दा मिसाल हैं। यहां तक बात ठीक है। लेकिन दुनिया के एक फीसदी सबसे धनी लोगों के हितों के पक्ष में वे तर्क-वितर्क एवं सर्व-स्वीकृत मर्यादाओं को तोडऩे लगें और एक्स से जरिए उनका प्रचार करने लगें, तो उस स्थिति में समाज और मानव सभ्यता के लिए पैदा होने वाले खतरों का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। अमेरिका में हो रहे राष्ट्रपति चुनाव में लाजिमी है, मस्क डॉनल्ड ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं। लेकिन क्रम में वे ट्रंप की प्रतिद्वंद्वी उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस की हत्या के लिए लोगों को भड़काने लगें, तो यह सीधे कानून तोडऩे का मामला बन जाता है। रविवार को ट्रंप की हत्या की दोबारा कोशिश हुई। उस पर एक व्यक्ति ने ट्विट किया- वे ट्रंप को मारना क्यों चाहते हैं? ’ इस पोस्ट को टैग कर मस्क ने री-ट्विट किया- बाइडेन/हैरिस की हत्या की तो कोई भी कोशिश नहीं कर रहा?’ इस पर विवाद होना तय था। ह्वाइट हाउस ने इस पर असामान्य रूप से कड़ी प्रतिक्रिया जताई। तब मस्क ने वो ट्विट हटा दिया। लेकिन ये अमेरिका की बात है, जहां वे रहते हैं और जहां का कानून उन्हें घेरे में ले सकता है। कुछ समय पहले में मस्क ने वेनेजुएला और ब्राजील की सरकारों के खिलाफ ऐसा ही जहरीला अभियान छेड़ा था। ब्राजील में तब एक्स को प्रतिबंधित किया गया। इस कदम के विरोधी लोगों से सवाल है- जो देश मस्क को अपने कानून के घेरे में लेने में अक्षम हैं, उनके पास आखिर और क्या रास्ता है?

# नारी-शक्ति की पूजा तभी सार्थक जब नारी अपराध रूकें

**ललित गर्ग**



शारदीय नवरात्र मनाते हुए हम एक बार फिर स्त्री शक्ति के सम्मान के लिये बेटियों एवं महिलाओं के आदर एवं अस्तित्व की बात कर रहे हैं। यह देखना भी दिलचस्प है कि जहां साल में दो बार लड़कियों को महत्व देने के लिए ऐसे पर्व मनाए जाते हों, वहां लड़कियों को दोयम दर्जे का मानने वाले भी बहुत हैं, बालिकाओं और बेटियों के अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने वाले भी कम नहीं है, आये दिन ऐसी घटनाएं देखने और सुनने को मिलती हैं कि किस तरह आज भी बेटियों के साथ बलात्कार, व्यभिचार एवं अत्याचार करने के बाद उन्हें मार दिया जाता है। उत्तराखण्ड की ताजा घटना में सत्ताधारी पार्टी से संबंध रखने वाले एक रिजार्ट के मालिक ने अपने सहयोगियों के साथ मिल कर एक मासूम बालिका के साथ अवैध एवं अनैतिक कृत करने के बाद हत्या कर दी। यों यह घटना आए दिन होने वाले जघन्य अपराधों की ही अगली कड़ी है, भला हमारा नारी को सम्मान देने एवं मां दुर्गा को पूजना कितना अर्थपूर्ण एवं विरोधाभासी है, साफझलकता है। यहां हमारी कथनी और करनी का फर्क भी साफ नजर आता है, हमारी दूषित सोच एवं विकृत मानसिकता भी उजागर होती है।

इसी सप्ताह हमने राष्ट्रीय पुत्री दिवस मनाया। हालांकि, भारत में बेटी दिवस मनाने की एक खास वजह बेटियों के प्रति लगातार बढ़ रहे अपराधों पर नियंत्रण के लिये लोगों को जागरूक करना है। आज भी हमारे समाज की सोच बेटियों को लेकर विडम्बनापूर्ण एवं विसंगतिपूर्ण है। बेटी को न पढ़ाना, उन्हें जन्म से पहले मारना, घरेलू हिंसा, उनके मासूम शरीर को नौंचना, दहेज और दुष्कर्म से जुड़े बेटियों के अपराध एवं अत्याचार होना नये भारत, विकसित भारत पर एक बदनुमा दाग है। यह समझाना जरूरी है कि बेटियां बोझ नहीं होती, बल्कि आपके परिवार, समाज एवं राष्ट्र का एक अहम हिस्सा होती हैं, एक बड़ी ताकत होती है। आज बेटियां चांद तक पहुंच गई हैं, कोई भी क्षेत्र हो बेटियों ने अपना दमखम दिखा दिया है और बता दिया है कि वे किसी से कम नही है। इस सबके बावजूद बेटियों को क्यों अपनी हवस का माध्यम बनाया जाता है, यह एक बड़ा प्रश्न नवरात्र जैसे पर्व मनाते हुए हमारे सामने खड़ा है।

उत्तराखण्ड की ताजा घटना में समाज में रसूख के बूते अपनी धौंस जमाने वाले कुछ लोग महज मनमानी के लिए किसी बेटी के साथ अत्याचार एवं अनैतिक काम करने से नहीं हिचके। जिस लड़की की हत्या कर दी गई, वह अपने परिवार की आर्थिक हालत की वजह से भी नौकरी करने के लिये घर से निकली थी। मगर उसकी योग्यता और मेहनत की कद्र करने के बजाय रिजार्ट के मालिक ने उसे अवैध और अनैतिक काम में झोंकने की कोशिश की। ऐसा हर जगह बेटियों के साथ हो रहा है। जाहिर है, लड़की ने मना किया, मगर आरोपों के मुताबिक, इसी वजह से रिजार्ट के मालिक ने उसकी हत्या कर दी। यों यह घटना आए दिन होने वाले जघन्य अपराधों की ही अगली कड़ी है, मगर यह सत्ता और समाज के उस ढांचे को भी सामने करती है, जिसमें महिलाओं की सहज जिंदगी लगातार मुश्किल बनी हुई है, संकटग्रस्त एवं असुरक्षित है। यह घटना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की भी धज्जियां उड़ाती है। इस घटना ने समूचे प्रशासन और पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाया है। हालत यह है कि अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने या फिर रसूखदार आरोपियों को बचाने की मंशा से सही समय पर कार्रवाई करने को लेकर भी टालमटोल की गई है। गौरतलब है कि मुख्य आरोपी रिजार्ट का मालिक भाजपा नेता और पूर्व राज्यमंत्री का बेटा है और उसका भाई भी उत्तराखंड में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का उपाध्यक्ष था।

हर जगह बेटियों के साथ रसूखदार लोगों के द्वारा होने वाले अत्याचारों पर प्रशासन एवं पुलिस की शिथिलता एवं लापरवाही देखने को मिलती है। उत्तराखण्ड की घटना में भी ऐसा ही हुआ। दरअसल, घटनाक्रम को लेकर अगर लोगों के बीच आक्रोश नहीं फैलता तो शायद पुलिस आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं करती, मामले को दबा देती। मार डाली गई लड़की के पिता ने आरोप लगाया कि उन्होंने बेटी के लापता होने की सूचना राजस्व पुलिस को दे दी थी, मगर उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। जबकि सूचना के तुरंत बाद प्रशासन को सक्रिय होना चाहिए था। क्या इसकी वजह आरोपियों का स्थानीय स्तर पर रसूखदार होना और सत्ताधारी पार्टी से संबंध होना है? भले ही घटना के तूल पकड़ने के बाद भाजपा ने इन दोनों को पार्टी से निकालने की औपचारिकता निभाई, मगर राज्य में कोई लड़की घर से बाहर सुरक्षित महसूस करे, इसकी फिक्र फिलहाल नहीं दिख रही। शर्मनाक यह है कि हत्या से सबंधित तथ्य उजागर होने के बाद भी मुख्य आरोपी के पिता ने अपने बेटे को 'सीधा-सादा बालक' बताया! एक राष्ट्रीय पार्टी के किसी नेता की यह कैसी संवेदनहीनता है?

बेटियों एवं नारी के प्रति यह संवेदनहीनता कब तक चलती रहेगी? भारत विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी कई हिस्सों में बेटियों को लेकर गलत धारणा है कि बेटियां परिवार पर एक बोझ की तरह हैं। एक विकृत मानसिकता भी कायम है कि बेटियां भोग्य की वस्तु है? भारत में आज से कुछ वर्षों पहले के लिंगानुपात की बात करें तो लड़कों की तुलना में लड़कियों की संख्या बहुत कम थी और गर्भ में बेटियों को मारने का चलन चल पड़ा था। हालांकि, पिछले कुछ दशकों में इस सोच में भारी परिवर्तन भी हुआ है। ज्यों-ज्यों शिक्षित और रोजगारशुदा लड़कियों की संख्या बढ़ी है, उनकी आवाज और ताकत को नेता भी पहचानने लगे हैं। हर राजनीतिक दल अपने घोषणापत्र में औरतों के हितों की बातें करने लगा है। महिला नेताओं ने भी बेटियों एवं नारी की स्थिति बदलने में बहुत सकारात्मक भूमिका निभाई है। साल 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरुआत हरियाणा के पानीपत जिले से की थी। इसके बाद भ्रूण हत्या को समाप्त करने व महिलाओं से जुड़े तमाम महत्वपूर्ण मुद्दों पर पुरुष मानसिकता में व्यापक परिवर्तन आया है।

नरेन्द्र मोदी की पहल पर ही बड़ी संख्या में छोटे शहरों और गांवों की लड़कियां पढ़-लिखकर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे उन क्षेत्रों में जा रही हैं, जहां उनके जाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। वे टैक्सी, बस, ट्रक से लेकर जेट तक चला-उड़ा रही हैं। सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा कर रही है। अपने दम पर व्यवसायी बन रही हैं। होटलों की मालिक हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लाखों रुपये की नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू कर रही हैं। वे विदेशों में पढ़कर नौकरी नहीं, अपने गांव का सुधार करना चाहती हैं। अब सिर्फ अध्यापिका, नर्स, बैंकों की नौकरी, डॉक्टर आदि बनना ही लड़कियों के क्षेत्र नहीं रहे, वे अन्य क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। इस तरह नारी एवं बालिका शक्ति ने अपना महत्व तो दुनिया समझाया है, लेकिन नारी एवं बालिका के प्रति हो रहे अपराधों में कमी न आना, एक चिन्तनीय प्रश्न है। सरकार ने सख्ती बरती है, लेकिन आम पुरुष की सोच को बदलने बिना नारी एवं बालिका सम्मान की बात अधूरी ही रहेगी। इस अधूरी सोच को बदलना नये भारत का संकल्प हो, इसीलिये तो इस देश के सर्वोच्च पद पर द्रौपदी मुर्मू को आसीन किया गया हैं। वह प्रतिभा पाटिल के बाद देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। अमेरिका आज तक किसी महिला को राष्ट्रपति नहीं बना सका, जबकि भारत में इंदिरा गांधी तो 1966 में ही प्रधानमंत्री बन गई थीं। असल में, यही तो स्त्री शक्ति की असली पूजा है। अब स्त्री शक्ति के प्रति सम्मान भावना ही नहीं, सह-अस्तित्व एवं सौहार्द की भावना जागे, तभी उनके प्रति हो रहे अपराधों में कमी आ सकेगी।

# भ्रष्टाचार से पीड़ित देशवासी

**ओमप्रकाश मेहता**

एक जमाना था, जब राजनीति को सही अर्थों में जनसेवा का सशक्त माध्यम माना जाता था, किंत अब यही माध्यम भ्रष्टाचार का सशक्त माध्यम बन गया है और आज के सत्ताधीश इस सामाजिक कोढ को मिटानें के नही, बल्कि इसके विस्तार के माध्यम बने हुए है, सवाल अब सिर्फ भ्रष्टाचार को सिर्फ आगे बढ़ानें का नही बल्कि उसे कानूनी रूप से रोकने या खत्म करने की शपथ वाली एजेंसियां भी इस कोढ के विस्तार का माध्यम बना दी गई है, आज की राजननीति नें सीबीआई, सीआईडी जैसी सरकारी जोंच ऐजेंसियों को अपने तुच्छ इरादों और मकसदों का माध्यम बना रखा है और इन तथाकथित स्वतंत्र जांच एजेंसियों पर कब्जा कर इन्हें इनके कार्य व दायित्व को ईमानदारी से निभानें में अवरोध पैदा करना शुरू कर दिया हैढ्ढ

इन्हें स्वतंत्र रूप से अपने दायित्व निर्वहन की अनुमति ही नही दी जा रही है, इसका ताजा उदाहरण हाल ही में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीबीआई) द्वारा जारी रिपोर्ट है, जिसमें खुलासा किया गया है कि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) गंभीर भग्रष्टाचार सें सम्बन्धित 212 मामलों की जांच करके दोषियों को दण्डित करना चाहती है, लेकिन चूंकि इस जांच के लिए केंद्र व सम्बन्धित राज्य सरकारों की मंजूरी कानूनी तौर पर जरूरी है और केंद्र व सम्बन्धित राज्य सरकारों में विराजित आरोपित अधिकारी व नेता जांच करवाना नही चाहतें, इसलिए सीबीआई इनकी जॉच नही कर पा रही है, सीबीआई के पास ऐसी जॉच की अनुमति के प्रकरण पिछले वर्षों से लम्बित है और सम्बन्धित भ्रष्ट अधिकारी व नेता यह जॉच होनें नही देना चाहते?

अब यहां सवाल यह है कि जिनकी जॉच होना है, वे ही भला जॉच की अनुमति कैसे देगें? यह अनुमति का प्रावधान रखा ही क्यों गया? जब सीबीआई, सीआईडी कों स्वतंत्र जॉच एजेंसी का दर्जा दिया ग्रया है तो फिर उनकी स्वतंत्रता' क्यों छीन ली गई? आज इसी बात को लेकर केंद्रीय सतर्कता जॉच आयोग (सीबीआई) कॉफी परेशान है, फिर सवाल यह भी है कि सीबीसी (सतर्कता आयोग) जब कानूनी रूप से स्वतंत्र है तो सलाहो को केन्द्र व राज्य सरकारें मानती क्यों नही है? सीबीआई ने दिसम्बर 2023 तक की जारी अपनी रिपोर्ट में उन मामलों का भी जिक्र किया है, जिनमें जांच में दोषी पाए गए अफसरों के खिलाफ आयोग की सिफारिशों को भी दर-किनार कर दिया गया इनमें विभिन्न मंत्रालयों और केन्द्र सरकार के अधीन संस्थाऐं (पीएसयु बैंक आदि) शामिल है, सीबीसी केंन्द्रीय मंत्रालायों और पीएसयु बैंकों में मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीबीओ) के जरिए भ्रष्टाचार पर अनियमितताओं पर नजर रखता है। इस रिपोर्ट में मुख्य राज्य सरकारों व केंद्र शासित राज्यों में लम्बित मामलों की जानकारी भी दी गई है, जिनमें महाराष्ट्र में तीन, उत्तरप्रदेश में दस, पश्चिम बंगाल में चार, जम्मू-कश्मीर में चार, पंजाब में चार, मध्यप्रदेश में एक व अन्य पन्द्रह मामलें है, इन 41मामलों में 149 अधिकारी शामिल बताए गए है। इनके अलावा 81 अन्य मामलें तीन माह से ज्यादा पुराने है। लम्बित मामलों में 249 अधिकारियों के खिलाफ 81 मामले लम्बित है, इनकी लम्बे समय से जॉच रिपोर्ट आ जाने के बाद भी अभियोजन की मंजूरी के अभाव मे ये मामले लम्बित है और सरकार के विभिन्न पदों पर अभी भी विराजित ये अधिकारी अपनी भ्रष्टाचार की भूख को शांत नही कर पा रहे है और उसमे दिन दूनी रात चौगनी अभिवृद्धि हो रही है।

# स्वच्छता से ही स्वस्थ एवं सशक्त भारत संभव

**ललित**




हर साल 24 सितंबर को विश्व सफाई दिवस होता है, इस दिवस का उद्देश्य सफाई कार्यों में भाग लेने के लिए समाज के सभी क्षेत्रों को प्रोत्साहित एवं प्रेरित करके कुप्रबंधित अपशिष्ट संकट के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। व्यक्तियों, सरकारों, निगमों और संगठनों को सफाई में भाग लेने और कुप्रबंधित कचरे से निपटने के लिए समाधान खोजने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अस्वच्छता एवं गंदगी दुनिया की बड़ी समस्या है। घर या अपने आसपास संक्रमण फैलने से बचाने और गंदगी के पूर्ण निपटान के लिये हमें ध्यान रखना चाहिये कि कूड़ा केवल कूड़ेदान में ही डालें। साफ-सफाई केवल एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि ये घर, समाज, समुदाय, देश एवं दुनिया के हर नागरिक की जिम्मेदारी है। हमें इसके महत्व और फायदों को समझना चाहिये। हमें संकल्प लेना चाहिये कि न तो हम खुद गंदगी फैलाएंगे और न किसी को फैलाने देंगे। अनेक बीमारियों पर नियंत्रण के लिये साफ-सफाई एवं स्वच्छता जरूरी है, कोरोना महामारी के दौरान हमने स्वच्छता का महत्व गहराई से समझा। सफाई के विषय में एक कहावत बहुत मशहूर है, कि प्रत्येक व्यक्ति अपना-अपना आँगन साफकरें तो पूरी दुनिया स्वच्छ हो जाए।

सीधी सच्ची बात है कि सफाई सभ्यता का अंग है। जब तक हमारे घर, द्वार और रास्ते गंदे रहेंगे, हमारी आदते गन्दी रहेंगी तब तक हम अपने आपको सभ्य और सुसंस्कृत नहीं कह सकते। गाँव की गलियाँ गन्दी है, सड़कों के किनारे गन्दे हैं, इतना ही नहीं, आज जीवन के हर क्षेत्र में गन्दगी प्रवेश कर गई है। दूषित मनोवृत्ति और दूषित वातावरण के रहते, भले ही लोगों का धर्म और दर्शन कितना ही गौरवपूर्ण एवं प्राचीन क्यों न हो, उन्हें कोई सम्मान नहीं दे सकता। श्रेष्ठता और संस्कृति का पहला गुण स्वच्छता है। हम साफऔर स्वच्छ रहकर ही अपने आदर्शों एवं सिद्धान्तों की रक्षा कर सकते हैं। सफाई प्रकृति का एक मौलिक गुण है। स्वच्छता और पवित्रता धर्म का प्रमुख अंग माना जाता है तो उसका सही-सही ज्ञान भी होना आवश्यक है। शिक्षा और संस्कृति के साथ सफाई का स्वास्थ्य से भी अटूट सम्बन्ध है।

महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने 卐स्वच्छ भारत卐 का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। 卐स्वतंत्रता से ज्यादा महत्वपूर्ण है स्वच्छता卐 गांधी के उक्त कथन से यह ध्वनित होता है कि वह जीवन में स्वच्छता के कितने बड़े हिमायती थे। सबसे बड़ी बात यह है कि वह सिर्फ बाहरी स्वच्छता यानी घर, पास-पड़ोस आदि के ही पक्षधर नहीं थे, बल्कि मन की स्वच्छता के भी प्रबल पक्षधर थे। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया और इसके सफल कार्यान्वयन हेतु भारत के सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने सशक्त भारत-नया भारत के लिये स्वच्छता को प्राथमिक आवश्यकता बताई। इस अभियान के तहत सरकार ने शहर एवं ग्रामीण दोनो क्षेत्रों मे स्वच्छता को बढ़ावा दिया है और पूरे भारत को खुले मे शौच मुक्त करने का प्रण लिया है। अब तक 98 प्रतिशत भारत को खुले में शौचमुक्त बनाया जा चुका है। इसी प्रकार कई अन्य अभियान हैं जैसे निर्मल भारत, बाल स्वच्छता अभियान आदि। सबका उद्देश्य भारत में स्वच्छता को बढ़ावा देना है।

स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो हम सभी के लिये बहुत जरूरी है। हमें अपने घर, पालतू जानवर, अपने आस-पास, पर्यावरण, तालाब, नदी, स्कूल आदि सहित सबकी सफाई करते रहना चाहिए। हमें सदैव साफ, स्वच्छ और अच्छे से कपड़े पहनना चाहिये। ये समाज में अच्छे व्यक्तित्व और प्रभाव को बनाने में मदद करता है, क्योंकि ये आपके अच्छे चरित्र को दिखाता है। धरती पर हमेशा के लिये जीवन को संभव बनाने के लिये अपने शरीर की सफाई के साथ पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों-भूमि, पानी, खाद्य पदार्थ, वायु आदि को भी साफ बनाए रखना चाहिये। स्वच्छता हमें मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और बौद्धिक हर तरीके से स्वस्थ बनाता है। सामान्यतः, हमने हमेशा अपने घर में ये ध्यान दिया होगा कि हमारी दादी और माँ पूजा से पहले स्वच्छता को लेकर बहुत सख्त होती हैं, तब हमें यह व्यवहार कुछ अलग नहीं लगता, क्योंकि वो बस साफ-सफाई को हमारी आदत बनाना चाहती हैं। हर अभिवावक को तार्किक रूप से स्वच्छता के उद्देश्य, फायदे और जरूरत आदि के बारे में अपने बच्चों से बात करनी चाहिये। उन्हें जरूर बताना चाहिये कि स्वच्छता हमारे जीवन में खाने और पानी की तरह पहली प्राथमिकता है।

अपने भविष्य को चमकदार और स्वस्थ बनाने के लिये हमें हमेशा खुद का और अपने आसपास के पर्यावरण का ख्याल रखना चाहिये। हमे साबुन से नहाना, नाखुनों को काटना, साफ और इस्त्री किये हुए कपड़े आदि कार्य रोज करना चाहिये। घर को कैसे स्वच्छ और शुद्ध बनाए ये हमें अपने माता-पिता से सीखना चाहिये। हमें अपने आसपास के वातावरण को साफ रखना चाहिये ताकि किसी प्रकार की बीमारी न फैले। कुछ खाने से पहले और खाने के बाद साबुन से हाथ धोना चाहिये। हाथ धोना हमारे लिए कितना जरूरी है, कोरोना महामारी की शुरूआत में यह तो सबको समझ में आ ही गया है। क्योंकि हाथ धुलने से बीमारियों का खतरा काफी कम हो जाता है। जब कोविड-19 जैसी बीमारियों ने दस्तक दी, तब सबको एक ही हिदायत दी गई कि किसी भी चीज को छूने के बाद हाथों को अच्छी तरह से साफ करें। साबुन से 30 सेकंड तक हाथ धोएं। इससे हम हैजा, डायरिया, निमोनिया और कोविड-19 जैसी वैश्विक बीमारी को भी परास्त कर सकते हैं। हमें पूरे दिन साफ और शुद्ध पानी पीना चाहिये, हमें बाहर के खाने से बचना चाहिये, साथ ही ज्यादा मसालेदार और तैयार पेय पदार्थों से परहेज करना चाहिये। इस प्रकार हम खुद को स्वच्छ के साथ-साथ स्वस्थ भी रख सकते हैं। गंदे पानी व भोजन के सेवन से पीलिया, टाइफाइड, कॉलेरा जैसी खतरनाक बीमारियां फैलती हैं। गंदे परिवेश मे मच्छर पनपते हैं जो मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारियां फैलाते हैं।

स्वच्छता एक क्रिया है जिससे हमारा शरीर, दिमाग, कपड़े, घर, आसपास और कार्यक्षेत्र साफऔर शुद्ध रहते है। अपने आसपास के क्षेत्रों और पर्यावरण की सफाई सामाजिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के लिये बहुत जरूरी है। हमें साफ-सफाई को अपनी आदत में लाना चाहिये और कूड़े को हमेशा कूड़ेदान में ही डालना चाहिये, क्योंकि गंदगी वह जड़ है जो कई बीमारियों को जन्म देती है। जो रोज नहीं नहाते, गंदे कपड़े पहनते हों, अपने घर या आसपास के वातावरण को गंदा रखते हैं, ऐसे लोग हमेशा बीमार रहते हैं। गंदगी से आसपास के क्षेत्रों में कई तरह के कीटाणु, बैक्टीरिया वाइरस तथा फंगस आदि पैदा होते हैं जो बीमारियों को जन्म देते हैं। जिन लोगों की गंदी आदतें होती हैं वो भी खतरनाक और जानलेवा बीमारियों को फैलाते है। संक्रमित रोग बड़े क्षेत्रों में फैलाते हैं और लोगों को बीमार करते हैं, कई बार तो इससे मौत भी हो जाती है। इसलिये, हमें नियमित तौर पर अपने स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिये। स्वच्छता से हमारा आत्म-विश्वास बढ़ता है और दूसरों का भी हम पर भरोसा बनता है। ये एक अच्छी आदत है जो हमें हमेशा खुश रखेगी। ये हमें समाज में बहुत गौरवान्वित महसूस कराएगी।

हमारे स्वस्थ जीवन शैली और जीवन के स्तर को बनाए रखने के लिये स्वच्छता एवं साफ-सफाई बहुत जरूरी है। ये व्यक्ति को प्रसिद्ध बनाने में अहम भूमिका निभाती है। पूरे भारत में आम जन के बीच स्वच्छता को प्रचारित व प्रसारित करने के लिये भारत की सरकार द्वारा कई सारे कार्यक्रम और सामाजिक कानून बनाए गये और लागू किये गये है। एक व्यक्ति अच्छी आदत के साथ अपने बुरे विचारों और इच्छाओं को खत्म कर सकता है। विचारों कि स्वच्छता हमें एक अच्छा इंसान बनाती है, तो वहीं व्यक्तिगत स्वच्छता हमें हानिकारक बीमारियों से बचाती है। इसलिये स्वच्छता के सार्वभौमिक, सार्वदैशिक, सार्वकालिक विकास हेतु हमें सदैव प्रयासरत रहना चाहिये। पृथ्वी वह घर है, जहां हम सब एक साथ रहते हैं। औद्योगीकरण के विकास के साथ-साथ औद्योगिक कचरा और घरेलू कचरा दिन-ब-दिन बढ़ रहा है और पृथ्वी की सीमित आत्म-शोधन क्षमता बढ़ते दबाव को सहन करने में सक्षम नहीं है। उदाहरण के लिए, हमारा आमतौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला फोम लंच बॉक्स, क्योंकि वह अपने आप विघटित नहीं हो सकता। पृथ्वी के लिए, वह एक प्रकार का श्वेत प्रदूषण है, जिसे कभी समाप्त नहीं किया जा सकता है। पृथ्वी के घर को ताजा और सुखद बनाए रखने के लिए सभी लोगों को अपने से शुरुआत करनी चाहिए, गंदगी फैलाना बंद करना, ऊर्जा प्रदूषण को कम करना, पृथ्वी की स्वच्छता बनाए रखना और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### तिरूपति बालाजी मंदिर के प्रसादी वितरण में षडयंत्रकारियों के खिलाफकठोर कार्रवाई की मांग के साथ राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा



**कवर्धा ( समय दर्शन )।** श्री सिद्धपीठ खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति ने मंगलवार को राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में समिति ने कहा है कि तिरूपति बालाजी मंदिर के प्रसादी वितरण में षडयंत्रपूर्वक सनातन धर्म प्रेमियों एवं अनुयायियों की भावना को ठेस पहुंचाई गई है। ऐसे षडयंत्रकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकी जा सके। समिति ने सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि दक्षिण भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक श्री वेंकटेश्वर मंदिर तिरूपति बालाजी में प्रतिदिन भक्तों को वितरित की जाने वाली प्रसादी में जानवरों की चर्बी व मछली के तेल होने की जानकारी जांच रिपोर्ट से उजागर हुई है। यह सनातन धर्म व अनुयायियों की धार्मिक भावना को षड़यंत्र पूर्वक आधात पहुंचाने का कृत्य है। ऐसे अपराधिक कृत्य से सभी सनातन धर्म प्रेमी भक्तों में तीव्र आक्रोश है। धार्मिक भावनाओं को कलंकित करने वाले दुस्साहसी लोगों को कठोर दण्ड दी जानी चाहिए। हमारी समिति ऐसे अमानवीय कृत्य करने वालों की कडे शब्दों में घोर निंदा करती है और कड़ी कड़ी कार्रवाई की मांग करती है। समिति ने शासन से ऐसी व्यवस्था की मांग की है, जिससे किसी भी धार्मिक स्थल में ऐसे कृत्य की पुनरावृत्ति न होने पाए।

### टियर 2 शहरों में सबसे बड़े प्रबंधित कार्यालय स्थान प्रदाता में से एक, देव एक्सेलेरेटर लिमिटेड (डेवएक्स) आईपीओ के माध्यम से रकम जुटाने के लिए सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

**रायपुर।** डेव एक्सेलेरेटर लिमिटेड (डेवएक्स) ने आईपीओ के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। डेव एक्सेलेरेटर लिमिटेड (डेवएक्स) को उमेश उत्तमचंदानी, पार्थ शाह, रुशित शाह और देव सूचना प्रौद्योगिकी लिमिटेड द्वारा प्रमोट किया गया है। डेवएक्स परिचालन फ्लेक्स स्टॉक के मामले में टियर 2 बाजारों में सबसे बड़े प्रबंधित स्पेस ऑपरेटर में से एक है, जिसके 6 शहरों में केंद्र हैं। (स्त्रोत: जेएलएल रिपोर्ट)। उद्यमों के लिए पूर्ण रूप से निर्मित प्रबंधित कार्यालय समाधान में विशेषज्ञता, कंपनी ने भारत में दिल्ली एनसीआर, हैदराबाद, मुंबई, पुणे के टियर 1 बाजारों में 15 उप-बाजारों और अहमदाबाद (गांधीनगर,इंदौर, जयपुर, उदयपुर और वडोदरा सहित), के टियर 2 बाजार में उपस्थिति स्थापित की है। (स्त्रोत: जेएलएल रिपोर्ट)। डेवएक्स कार्यालय स्थानों की सोर्सिंग, डिजाइनों को अनुकूलित करने, स्थानों को विकसित करने और संपूर्ण परिसंपत्ति प्रबंधन प्रदान करने के लिए टेक्नोलॉजी समाधान प्रदान करने से लेकर एकीकृत सेवाएं प्रदान करता है। 31 अगस्त, 2024 तक, कंपनी ने 230 से अधिक ग्राहकों को सेवा दी है और भारत के 11 शहरों में इसके 25 केंद्र हैं। कंपनी के ग्राहकों में बड़े कॉर्पोरेट, बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ और एसएमई शामिल हैं, जो सहायक, नेडल और थ्रेड डिजाइन एलएलपी के माध्यम से प्रबंधित कार्यालय स्थान और सह-कार्य स्थान के साथ-साथ डिजाइन और निष्पादन सेवाओं जैसे विभिन्न प्रकार के लचीले कार्यालय स्थान समाधान पेश करते हैं।

कंपनी के व्यवसाय में तेजी से वृद्धि हुई है। 31 मार्च, 2022 से 31 मार्च, 2024 के बीच, कंपनी के ऑपरेशनल सेंटर, ऑपरेशनल सीटें और ऑपरेशनल सुपर बिल्ट-अप एरिया क्रमशः 66.67त्न, 39.89त्न और 53.14त्न की सीएजीआर दर से बढ़े। परिचालन से राजस्व वित्त वर्ष 2022 में ?308.83 मिलियन (30.8 करोड़) से 87.08त्न की सीएजीआर दर से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 1,080.87 मिलियन (108.08 करोड़) हो गया। अपनी विकास रणनीति के एक हिस्से के रूप में, वे भारत में मौजूदा बाजारों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की योजना बना रहे हैं जहां वे पहले से ही काम कर रहे हैं और साथ ही नए बाजारों में भी उपस्थिति स्थापित करने की योजना बना रहे हैं।

# 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के खेल प्रतिभाओं को नहीं मिली तालियां

## चार दिवसीय आयोजन में दुर्ग विजेता व बस्तर उपविजेता बना



**कवर्धा ( समय दर्शन )।** जिले में 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 2024 स्वामी करपात्री जी स्टेडियम कवर्धा में हुआ। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 43 अंकों के साथ दुर्ग प्रथम विजेता व 21 अंको के साथ बस्तर संभाग द्वितीय उपविजेता बना। वहीं बिलासपुर संभाग को 19 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर ही संतोष करना पड़ा। प्रतियोतिगा में पांच खेल शामिल किए गए थे। लेकिन विभागीय लापरवाही और प्रचार प्रसार की कमी के चलते इन खेल प्रतिभाओं के तालियां नहीं मिली। दूसरे शब्दों में कहें तो पूरे मैदान में खिलाड़ी तो नजर आते रहे, लेकिन दर्शक गायब रहे। 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 2024 का मेजबानी का अवसर कबीरधाम जिले को मिला। खेल का आयोजन स्वामी करपात्री जी स्टेडियम में हुआ। समापन समारोह में राज्य से विभिन्न संभागों के प्रतिभागी खिलाड़ियों ने बैण्ड की धुन पर आकर्षक मार्चपास्ट किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट ने आयोजन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बधाई दी। राज्य के संभागों रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, बस्तर, व दुर्ग से विभिन्न खेलों में शामिल प्रतिभागी खिलाड़ी बच्चों का खेल प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट ने आयोजन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सफ्लता पाने के लिए हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये खिलाड़ी राज्य के साथ पूरे देश का नाम रौशन करेंगे। ऐसे आयोजनों से न केवल खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास में भी सहायक है। समापन समारोह में खेलों के प्रति बच्चों की रुचि और उनकी प्रतिभा को सराहा गया, और भविष्य में और अधिक ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इन्द्राणी दिनेश चन्द्रवंशी, कैलाश चन्द्रवंशी, मनीराम साहू, चन्द्रप्रकाश चद्रवंशी, नरेन्द्र मानिकपुरी, राजा पीयूष टाटिया, दुर्गेश अवस्थी, पन्नालाल चन्द्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी उपस्थित थे।


जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू ने बताया कि 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 में भाग लेने वाले खेल क्षेत्र को बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर और सरगुजा 5 जोन में विभाजन किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने व्हालीबाल के 240, सॉफ्टबाल के 320, हैण्डबाल के 160 खिलाड़ी एवं ऑफिसियल्य की संख्या 170 के साथ मार्चपास्ट किया। उन्होंने बताया कि व्हालीबाल बालक, बालिका 14, 17 वर्ष पुलिस ग्राउण्ड फ्लड लाईट मैदान कवर्धा, सॉफ्टबाल बालक, बालिका 14, 19 वर्ष, हैण्डबाल बालक-बालिका 17 वर्ष स्वामी करपात्री जी स्टेडियम कवर्धा में खेला गया।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री साहू ने बताया कि व्हालीबाल बालक 14 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम , द्वितीय बस्तर संभाग, तृतीय दुर्ग संभाग, व्हालीबाल बालिका 14 वर्ष के प्रतिभागी बस्तर संभाग से प्रथम, द्वितीय दुर्ग संभाग, तृतीय सरगुजा संभाग, व्हालीबाल बालक 17 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम , द्वितीय दुर्ग संभाग, तृतीय बिलासपुर संभाग, व्हालीबाल बालिका 17 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम , द्वितीय बस्तर संभाग, तृतीय रायपुर संभाग के खिलाड़ियों ने बाजी मारी।

इसी तरह सॉप्टबाल बालक 14 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथ, द्वितीय सरगुजा संभाग, तृतीय बिलासपुर, संभाग, सॉप्टबाल बालिका 14 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, द्वितीय बस्तर संभाग, तृतीय सरगुजा संभाग, सॉप्टबाल बालक 19 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम , द्वितीय बिलासपुर संभाग, तृतीय रायपुर संभाग, सॉप्टबाल बालिका 19 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, द्वितीय बिलासपुर संभाग, तृतीय रायपुर संभाग के खिलाड़ियों ने बाजी मारी। हैण्डबाल बालक 17 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, द्वितीय रायपुर संभाग, तृतीय बस्तर संभाग, हैण्डबाल बालिका 17 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम , द्वितीय बस्तर संभाग, तृतीय रायपुर संभाग के खिलाड़ियों ने बाजी मारी।

# भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा तितली सम्मेलन में 6 नई प्रजाति की तितली की पहचान हुई






**कवर्धा ( समय दर्शन )।** भोरमदेव वन्यजीव अभ्यारण्य (कवर्धा वनमंडल) में 27 से 29 सितंबर 24 तक आयोजित प्रथम तितली सम्मेलन में विभिन्न राज्य के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। तितलियों की पहचान करने वनमंडल द्वारा अभ्यारण्य के अंदर 10 ट्रेल बनाया गया था। तीन दिवसीय तितली सम्मेलन में कुल 87 तितलियों की पहचान की गई। इसके पहले गौरव निहलानी द्वारा बटरफ्लाई ऑफ़ भोरमदेव की पुस्तक लिखी गई थी, जिसमें कुल 116 तितलियाँ पहचान की गई थी।

इस सम्मेलन के दौरान 6 और नई प्रजाति के तितलियों की पहचान भोरमदेव अभ्यारण्य में की गई है, जिनमें पॉइंटेड सिलियेट ब्लू, कॉमन बूश हॉपर, मूरे ऐस, रिस्ट्रिक्टेड डिमोन, लॉंग ब्रांडेड बुश ब्राउन एवं डार्क वांडरर है।

भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा के अधीक्षक अंकित कुमार पाण्डेय ने बताया कि तितली प्रेमियों को पहली बार भोरमदेव अभ्यारण्य की विविध तितलियों के दर्शन का अवसर मिला। अभ्यारण्य की समृद्ध तितलियों की विरासत और विविधता का आलोक दुनिया के समक्ष प्रदर्शित होगा।

वनमंडलाधिकारी कवर्धा शशि कुमार ने कहा कि भोरमदेव अभ्यारण्य में तितलियों का सर्वेक्षण का यह प्रथम संस्करण है। आगे और भी तितलियों एवं अन्य वन्यजीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। उन्होंने इस कार्यक्रम में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालें समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# कबीरधाम जिले के फन्नू बैरागी एवं रेणुका साहू को मिला मानस दर्शन से अलंकरण



**कवर्धा ( समय दर्शन )।** मानस दर्शन जीवन अर्पण मानस मंथन पितृ देवो भव डिहीपारा बोरगांव केशकाल जिला कोण्डागांव में 28 व 29 सितम्बर 24 को आयोजित कार्यक्रम में जिले के श्री रामदास मानस परिवार बंदोरा से फन्नू बैरागी को मानस कला रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया साथ ही हे शारदे बालिका मानस परिवार से कुमारी रेणुका साहू को मानस दर्शन युवा शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया।

बड़े हर्ष का विषय रहा कि चतुर्थ आयोजन (28 और 29 सितंबर 2024) मानस मंथन का परम सौभाग्य मानस ग्राम बोरगांव केशकाल प्राप्त हुआ, निश्चित ही मां शीतला के पावन गोद में एक अविस्मरणीय भव्य आयोजन आयोजित किया गया, और निसंदेह प्रभु कृपा से आयोजन अत्यंत ही आनन्ददायक एवं सराहनीय रहा। इस सफ्ल आयोजन हेतु समस्त मानस दर्शन टीम सहित आयोजन समितियों को अतिथियों ने बधाइयां दी है।

इससे पूर्व मानस दर्शन की प्रथम यात्रा 25.07.2021 भव्य मानस संगोष्ठी एवं पुरुष्कार वितरण समारोह मानस ग्राम भिंभौरी बेरला से प्रारंभ पश्चात द्वितीय आयोजन (17.07.2022) मानस महाकुंभ का सौभाग्य मानस ग्राम रक्से कवर्धा को प्राप्त हुआ था। तृतीय आयोजन(10 और 11 जून 2023) मानस पियूष वर्षण का आयोजन मानस ग्राम पीपरभट्ठा बेमेतरा में आयोजित किया गया। मानस दर्शन जीवन अर्पण के संयोजक मंडल से पिंटू पटेल रक्से कवर्धा ने बताया कि भोजनालय में नि:स्वार्थ सेवा देने वाले सेवादार बुजुर्ग स्यानों, माताओं, बहनों, बालवृंद, नवयुवकगण, पत्तल निर्माण कर्ता, भोजन, सब्जी, दाल, पेयजल आपूर्ति कर्ता, स्वादिष्ट भोजन प्रसादी तैयार करने वाले भाई बहनों की उत्साह देखते ही बन रहा था। नगर बोरगांव, केशकाल, सुरडोंगर व क्षेत्र के समस्त दानदाताओं, धर्म प्रेमियों, व्यापारियों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। वहीं बहुत से दानदाताओ ने अपने परिश्रम के कमाई हुई पूंजी को इस धर्म कार्य को सफ्ल बनाने हेतु अर्पण किए। उन्होने बताया कि समस्त मानस मंथन परिवार में उपस्थित सभी धर्मानुरागियो को आदरणीय संस्थापक दीपक गुहा और समस्त पितृ संयोजक मातृ संयोजक मंडल के कर्मठ आयोजको को सफ्ल और ऐतिहासिक व भव्य कार्यक्रम के लिए अनंत शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।

# पोषण माह के अच्छे अभ्यासों को आंगनबाड़ी केन्द्र की गतिविधियों में नियमित रूप से शामिल करना जरूरी -कलेक्टर

## जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला रामकुमार भट्ट के मुख्यआतिथ्य में हुआ समापन समारोह



**कवर्धा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि थे। इस दौरान उन्होंने सभी को सुपोषित भारत सुपोषित छत्तीसगढ़ का सन्देश दिया।

इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिले के सभी बाल विकास सेवा परियोजना से राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत विभिन्न व्यंजनों, टीचिंग लर्निंग मटेरियल एवं विभिन्न गतिविधिओं का स्टॉल लगाकर मनमोहक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग द्वारा जनप्रतिनिधियों से बच्चों का अन्नप्राशन और गर्भवती माताओं को पोषण टोकरी का वितरण भी किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती भट्ट ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण को दूर करने और बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने के उद्देष्य से राष्ट्रीय पोषण माह 1 से 30 सितम्बर 2024 का सफ्ल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पोषण के विषय में जागरूकता बढ़ाना आहार पद्धतियों में सुधार करना तथा बच्चों और गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं सभी को जोड़कर आयोजन किया गया है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को धन्यवाद। कलेक्टर श्री वर्मा ने संदेश में कहा कि पोषण माह के अच्छे अभ्यासों को आंगनबाड़ी केन्द्र की गतिविधियों में नियमित रूप से शामिल करना जरूरी है।

जिले के सभी बाल विकास सेवा परियोजनो से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा टीचिंग लर्निंग मटेरियल की प्रदर्शनी लगाई गई थी जो विशेष आकर्षण का केन्द्र बना रहा। प्रदर्शनी में टीएलएम सामग्री का निर्माण घरों में से प्राप्त अनुपयोगी सामग्रियों के द्वारा तैयार किया गया, जो की भव्य एवं बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए अत्यन्त ही उपयोगी थे। यह बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक मानसिक विकास को दिशा देने अनुपयोगी अथवा कम लागत से बने यह सामग्री सृजनात्मकता को बढ़ावा देने वाले हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट अध्यक्ष जिला पंचायत रामकुमार भट्ट सदस्य जिला पंचायत श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा, मनहरण कौषिक अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् कवर्धा, उमंग पाण्डेय सभापति नगर पालिका परिषद् कवर्धा, जसविंदर बग्गा आदि जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। परियोजना कुकदूर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ की पारम्परिक वेष-भूषा में सूवा नृत्य का प्रदर्शन किया।

उल्लेखनीय है महिला एवं बाल विकास विभाग व्दारा कुपोषण के स्तर में उल्लेखनीय कमी लाने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से पोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के लिए 06 मुख्य थीम अनुसार गतिविधियां किया गया:- एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रोघोगिकी, समग्र पोषण। सितंबर माह भर चले इस आयोजन में पोषण माह के दौरान शीघ्र स्तनपान एवं 06 माह तक संपूर्ण स्तनपान को बढ़ावा दिया जाना है। साथ ही पोषण माह के दौरान पोषण वाटिका का निर्माण को बढ़ावा दिया जाना है। परिवारों समुदायों व्दारा पौष्टिक सब्जियां, फ्लदायक पौधों को घर की बाड़ियों, सामुदायिक बाड़ियां, बंजर भूमियों में रोपण करने, छतों में पोषण वाटिका निर्माण हेतु प्रोत्साहित किया गया ।

इस दौरान आनंद कुमार तिवारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्रीमती विवेक हैरिस बाल विकास सेवा परियोजना अधिकारी कवर्धा, बृजेश सोनी कुण्डा, राजेंद्र गेंदले पण्डरिया, संदीप पटेल बोड़ला, श्रद्धा यादव सहसपुर लोहारा, कृतिका सिंह दशरंगपुर एवं कुकदूर नीतिका डडसेना संरक्षण अधिकारी श्रीमती सरोज शर्मा पर्यवेक्षक एवं सभी विभागों अधिकारी कर्मचारी सेक्टर सुपरवाइजर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित थे।

**पोषक व्यंजन प्रदर्शनी में कुकदूर प्रथम व कवर्धा द्वितीय-** कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा छात्राओं एवं किशोरियों के लिए एनीमिया कैंप लगाया एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया था। अतिथियों ने विभिन्न स्टॉल एवं प्रदर्शनी का आवलोकन किया। पोषक व्यंजन प्रदर्शनी में प्रथम स्थान बाल विकास सेवा परियोजना कूकदूर द्वितीय स्थान कवर्धा एवं तृतीय स्थान कुण्डा एवं टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रर्दशनी में प्रथम स्थान बाल विकास सेवा परियोजना सहसपुर लोहारा, द्वितीय पण्डरिया एवं तृतीय स्थान दशरंगपुर तथा बोड़ला को सद्भावना पुरूस्कार मिला।------

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेसियों ने मनाई गांधी जी की जयंती, नगर पंचायत परिसर स्थित गांधी जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया



**पाटन ( समय दर्शन )।** नगर पंचायत पाटन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया। गांधी जी के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया। इस असवर पर नगर पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप, उपाध्क्स बलदाऊ भाले, लीलेश वर्मा, सोनू यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

### ग्राम गिरहोला के ग्रामीणों ने अवैध मुरुम उत्खनन, परिवहन पर रोक लगाने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा



**अहिवारा।** ग्राम पंचायत गिरोहोला, तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग अंतर्गत ग्राम पंचायत सरपंच एवं खनिज अधिकारी के साठ गांठ से अवैध मुरुम उत्खनन एवं परिवहन की अनुमति दी गई है।ग्रामीणों का कहना है कि बरसों से कई बड़ी-बड़ी तालाब निर्माण ग्राम में हो चुके है। उसके बावजूद भी मुरूम उत्खनन के बहाने तालाब बनाने के नाम से ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा गलत प्रस्ताव देकर समतल भूमि को अवैध मुरुम उत्खनन एवं परिवहन करवा रहे हैं।यह भी कहा कि वर्तमान में हिंदू रीति रिवाज के तहत पितृपक्ष चल रहा है, इस पितृपक्ष दिन में स्मशान घाट में अवैध मुरूम उत्खनन एवं परिवहन कर शांत आत्मा को भी इस पितृपक्ष मे अशांति किया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि जितनी एरिया में मुरुम उत्खनन किया गया है उसकी उत्खनित एरिया को नाप कर मुरुम उत्खनन परिवहन ऋरता से वसुली करने कि कृपा करें।

### ट्यूब और पाइप निर्माता स्कोडा ट्यूब्स लिमिटेड ने आईपीओ के माध्यम से रुपये 275 करोड़ जुटाने के लिए ड्राफ्ट पेपर दाखिल किए

**रायपुर।** स्कोडा ट्यूब्स लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। आईपीओ कुल रुपये 275 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का एक पूरी तरह नया निर्गम है। नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग सीमलेस और वेल्डेड ट्यूब और पाइप की उत्पादन क्षमता का विस्तार करने, कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए पूंजीगत व्यय के लिए किया जाएगा। कंपनी भारत में स्थित एक स्टेनलेस-स्टील ट्यूब और पाइप निर्माता है, जिसे 14 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उत्पादों को मोटे तौर पर इस प्रकार वर्गीकृत किया गया है: (द्व) सीमलेस ट्यूब/पाइप; और (द्वद्व) वेल्डेड ट्यूब और पाइप, पाँच (5) उत्पाद लाइनों के अंतर्गत, अर्थात, (द्व) स्टेनलेस स्टील सीमलेस पाइप; (द्वद्व) स्टेनलेस स्टील सीमलेस ट्यूब; (द्वद्वद्व) स्टेनलेस स्टील सीमलेस यू ट्यूब; (द्व1) स्टेनलेस स्टील इंस्ट्रूमेंटेशन ट्यूब; और (1) स्टेनलेस स्टील वेल्डेड ट्यूब और यू ट्यूब (उत्पाद या स्टेनलेस स्टील उत्पाद)। ये उत्पाद स्कोडा ट्यूब्स लिमिटेड ब्रांड के अंतर्गत हैं। इन उत्पादों का उपयोग इंजीनियरिंग कंपनियों, ईपीसी और तेल और गैस, रसायन, उर्वरक, बिजली, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोटिव, रेलवे और परिवहन क्षेत्रों में लगी औद्योगिक कंपनियों जैसे विविध प्रकार के ग्राहकों द्वारा किया जाता है। 31 अगस्त, 2024 तक, कंपनी की विनिर्माण सुविधा में मदर हॉलो की कुल स्थापित क्षमता 20,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष, सीमलेस उत्पादों की 10,068 मीट्रिक टन प्रति वर्ष और वेल्डेड उत्पादों की 164 1,020 मीट्रिक टन प्रति वर्ष है।

# प्रधान पाठक का वेतन संचयी प्रभाव से रोकने का आदेश




**पिथौरा ( समय दर्शन )।** शासन द्वारा अवकाश घोषित दिवस में प्रधानपाठक ने मध्यान्ह भोजन योजना संचालित होना बताया एवं बच्चो की उपस्थिति भी बकायदा प्रपत्र में चढा दिया।

इस शिकायत में जांच किया गया। जांच उपरान्त संभागीय संयुक्त संचालक ने बीईओ पिथौरा को चेतावनी दिया। वहीं प्रधानपाठक का आगामी एक वेतन संचयी प्रभाव से रोकने का आदेश दिया है।

बसना के आरटीआई कार्यकर्ता ने सूचना का अधिकार के तहत समस्त सूचना दस्तावेज एकत्र करके श्रीमती दिव्या मिश्रा (आइएएस) संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ एवं राकेश पांडेय संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर को 1। अप्रैल 2024 को शिकायत करके उच्च स्तरीय जांच करके कार्यवाही की मांग किया।

बताना जरूरी है कि शासन के आदेश से 25 जनवरी 2024 को अवकाश घोषित किया गया था। लेकिन शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हारडीपा के प्रधानपाठक घनश्याम पटेल ने मध्यान्ह भोजन योजना संचालित होना बताकर 27 बच्चो की उपस्थिति दर्शा दिया। मासिक रिपोर्ट प्रपत्र में जब उक्त दिवस में बच्चो की उपस्थिति को देख करके बीईओ पिथौरा ने कारण बताओ नोटिस जारी किया। लेकिन मामले में लीपापोती करके बीईओ ने प्रकरण का पटाक्षेप कर दिया था।

दिलचस्प तथ्य यह है कि जनवरी माह का मासिक प्रपत्र रिपोर्ट के आधार पर ही प्रधानपाठक को पहले नोटिस मिला। लेकिन बाद में उक्त मासिक प्रपत्र रिपोर्ट को ही बदल दिया गया। प्रधानपाठक ने नोटिस के जबाब में स्वयं की गलती को स्वीकार भी किया है, मानवीय भूल बताया। जो संतोषजनक जबाब नही है। क्योकि श्री पटेल पेशे से शिक्षक है। वे शिक्षित व जानकार व्यक्ति है। जो यह भली-भांति जानते है कि उक्त दिवस अवकाश घोषित था।

संभागीय संयुक्त संचालक ने पाया कि घनश्याम पटेल का उक्त कृत्य कर्तव्य के प्रति लापरवाही को प्रदर्शित करता है। जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 (दो) के प्रतिकूल है। इस कारण से घनश्याम पटेल शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हारडीपा का आगामी एक वार्षिक वेतनवृद्धि संचयी प्रभाव से रोकने का आदेश दिया है। वही के. के. ठाकुर बीईओ पिथौरा को स्पष्ट समझाईस दिया गया है कि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति ना हो।

## फर्जी शिकायत करने वालों के खिलाफकार्यवाही की मांग को लेकर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** जिले में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ राजनीतिक साजिश के तहत फर्जी शिकायतें करने का मामला सामने आया है। पार्टी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि राजनांदगांव ग्रामीण के पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ आबकारी विभाग में फर्जी शिकायत की जा रही है, जिसके तहत आज आबकारी विभाग के अधिकारियों के द्वारा जांच किया गया, जो की जांच में आरोप पूरी तरह से फर्जी पाया गया। पार्टी कार्यकताओं के खिलाफ हो रहे फर्जी शिकायतों के संबंध में जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन को अवगत करवाया गया। जिला अध्यक्ष देवांगन ने मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए राजनांदगांव शहर अध्यक्ष लेखु साहू को निर्देशित करते हुए कार्यकर्ताओ के विरूद्ध हो रहे षड्यंत्र के खिलाफ उच्च अधिकारियों से संपर्क कर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही करवाने की बात कही। इसी परिपेक्ष्य में मंगलवार को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी द्वारा दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की गई है।

## न्याय यात्रा के सफल नेतृत्व करने पर पीसीसी चीफने विधायक संदीप को दिए सौ में सौ अंक



**बलौदाबाजार ( समय दर्शन )।** .छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 2। सितंबर से न्याय यात्रा की शुरुआत की गई यह यात्रा परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी के तपोभूमि गिरौदपुरी धाम से प्रारंभ होकर कटगी होते कसडोल विधानसभा में प्रवेश कर कसडोल ,लवन ,कुम्हारी रोहासी,खरतोरा होते 2 अक्टूबर को रायपुर के गांधी मैदान में समापन किया गया जैसे ही न्याय यात्रा कसडोल विधानसभा में प्रवेश किया विधायक संदीप साहू के नेतृत्व में क्षेत्र के विभिन्न गांवों में न्याय यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया साथ ही विभिन्न स्थानों में न्याय यात्रा के लोगों के लिए उचित भोजन पानी एवं रहने की उत्तम व्यवस्था करने पर न्याय यात्रा प्रमुख पीसीसी चीफ दीपक बैज गदगद हो गए और उन्होंने खरतोरा में स्वागत मंच से ही माइक पर विधायक संदीप साहू के सफ्ल नेतृत्व के लिए उनकी सराहना की और उन्हें बधाई शुभकामनाएं देते हुए उनको 100 में 100 अंक प्रदान किए और कहा कि यह जिला का आखिरी बॉर्डर है यहां के जनता ने हमें और इस न्याय यात्रा को खूब प्यार दिया खूब आशीर्वाद दिया आगे भी यह प्रेम बना रहे इस दौरान विधायक संदीप साहू ने पीसीसी चीफदीपक बैज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी बड़ो वरिष्ठजनों एवं कांग्रेस के सभी कार्यकर्तओ के सहयोग से ही न्याय यात्रा को भारी जन समर्थन मिला पीसीसी चीफदीपक बैज के नेतृत्व में इस न्याय यात्रा की शुरुआत की गई अन्याय के खिलाफ प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ जनता को न्याय दिलाने के लिए आगे भी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।

## मेडिकल की शिक्षा व मेडिकल कॉलेज की दुर्दशा सुधारे सरकार : शाहिद भाई



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** एमबीबीएस और स्नातकोत्तर में शपथ पत्र के साथ 25 और 50 लाख रूपये की प्रॉपर्टी गैरेन्टी की अनिवार्यता समाप्ति के लिए एवं राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के फैकल्टी में प्रोफेसरो की कमी सहित विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई एवं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने राज्यपाल के नाम जिलाधीश संजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने बताया कि वर्ष 2015-16 में तत्कालीन रमन सरकार ने 1500 एमबीबीएस डॉक्टरों की पद विलोपन की कार्रवाही की थी, जिससे जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति भी नहीं हो पा रही है। साथ ही एमबीबीएस हेतु अध्यनरत छात्र-छात्राओं को प्रवेश के समय अब शपथ पत्र के साथ 25 लाख रूपये के एवं पीजी के लिए 50 लाख रूपये के प्रॉपर्टी की दस्तावेज देने की अनिवार्यता लागू की जा रही है, जो निम्न आय वर्ग के योग्य एवं प्रतिभाशाली बच्चों के साथ घोर अन्याय कारी निर्णय है, क्योंकि भारत देश के सभी राज्यों में बांड का प्रावधान अब बेमानी हो चला है, इससे यह प्रमाणित होता है कि भाजपा सरकार में मेडिकल शिक्षा की दुर्गति के साथ-साथ योग्यता पर भी प्रहार किया जा रहा है। शाहिद भाई ने आगे बताया कि राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में कुछ दिनों पूर्व चिकित्सकों की नियुक्ति के नाम पर भाजपा सरकार वाहवाही लूटने का काम की है, लेकिन मेडिकल कॉलेज में जितनी फैकल्टी है, उसमें विशेषज्ञ प्रोफेसर की भी कमी होने के कारण यहां अध्यनरत छात्राओं को समूचित शिक्षा भी नहीं मिल पा रही है, जिससे आने वाली पीढ़ी पर दुष्प्रभाव पढ़ने की पूर्ण संभावना है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एमआरआई मशीन, सीटी स्कैन नहीं होने के कारण यहां भर्ती मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही साथ न्यूरो सर्जन, कार्डियोलॉजी, लिवर, किडनी के विशेषज्ञ चिकित्सकों की भी स्थापना नहीं होने पर जिले सहित क्षेत्र की जनता को उत्कृष्ट सुविधा भी नहीं मिल पा रही है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में रेडियोलॉजिस्ट, नर्सिंग स्टाफ एवं टेस्ट किट की भी कमी बनी हुई है, जिसके कारण राजनांदगांव, खैरागढ़, मोहला-मानपुर, दुर्ग, कवर्धा जिले की जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है, इन सभी ज्वलंत मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंप कर निराकरण की मांग की गई है, जिस पर जिलाधीश ने सकारात्मक निर्णय हेतु पत्र प्रेषित करने की बात कही है।

## नकली दवा और उसकी गंभीर परिणाम, विषय पर ना किसी ने पूछा ना ही स्वप्रेरित शंकराचार्य बोले



**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** देश के हर मसले पर बेबाकी से अपनी राय रखने वाले आदरणीय शंकराचार्य जी बिलासपुर में थे। प्रवचन, आशीर्वचन के अतिरिक्त उनकी पत्रकार वार्ता भी हुई। देश के आर्थिक हालात, राजनीतिक स्थिति, व्यापार, वाणिज्य यहां तक की दाढ़ी और संत पर भी बात हुई... पर आम जनता के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या जो कभी निदान हुआ, करना था। दवा के मामले में ना तो शंकराचार्य कुछ बोल न ही नकली दवा की खबर पर उनसे कुछ पूछा गया। यही तो हमारी विडंबना है। वैज्ञानिक सोच इस तरह से खत्म हो रही है धर्म की पूरी घुट्टी इस तरह से हम पी रहे हैं की देवस्थान के प्रसाद में मिलावट हमारे लिए बहुत बड़ा विषय है, परदेस में अधिकांश राज्यों में बुखार से लेकर ब्लड प्रेशर, शुगर यहां तक कैंसर के दवाओं का नकली होना हमारे चिंता का विषय नहीं है। गुजरात, गाजियाबाद, हिमाचल, मध्य प्रदेश में बनने वाली नकली दावों ने अपनी जड़े प्रत्येक राज्यों में जमाली है। हाल ही में बड़े दवा निर्माता की लगभग 50 मेडिसिन सब स्टैंडर्ड पाई गई और कुछ मामलों में तो नकली पाई गई। एंटीबायोटिक कैप्सूल में टेलकम पाउडर भी मिला इसके कुछ दिन पूर्व आयुर्वेद की दावों में शुद्ध रूप से एलोपैथिक दवाओं के मिश्रण मिल रहे थे। होम्योपैथिक दावों के जांच का कोई सीधा तरीका ना होने के कारण उनकी क्वालिटी पर कोई चर्चा नहीं है। देवस्थान का प्रसाद तेल जोत, घी की जोत उसकी शुद्धता और मिलावट को लेकर सरकार की गंभीरता इतनी की बार-बार गंभीरता के दर्शन समाचार पत्रों में हो रहे हैं। पर दवा गुणवत्ताहीन दवा, नकली दवा पर ना तो कोई जांच की बात कर रहा है ना ही उसके उत्पादन से लेकर तैयार हो गई विपणन व्यवस्था तक कोई इन्वेस्टिगेशन कर रहा है।

# प्रखर अग्रवाल के मुख्य अतिथि में स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत कार्यक्रम का आयोजन संपन्न




**सरायपाली ( समय दर्शन )।** ग्राम पंचायत बरडीह में स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि प्रखर अग्रवाल संस्थापक (संगम सेवा समिति सरायपाली) , अध्यक्षता दुष्कल प्रधान सरपंच ग्राम पंचायत बरडीह,गौतम गढ़तिया, बिरमनी सराफ ,पंचानन प्रधान, हरेराम साहू ,बीरची सराफ ,प्रेमानंद भोई, किंचक महापात्र ,चतुर्भुज प्रधान, मधुबन गड़तिया,पवित्र नंद कोटवार, रसिक महापात्र ,संतोष बारीक, प्रेमानंद भोई, तिलकराम पटेल मंचासिन रहे । ग्राम पंचायत बरडीह द्वारा मुख्य अतिथि प्रखर अग्रवाल संस्थापक संगम सेवा समिति सरायपालि का बाजा गाजे और आतिशबाजी के साथ आत्मीय स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, मां भारती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर किया गया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखर अग्रवाल द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा देश की आजादी में अहम भूमिका को बताते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर हमें आजादी दिलाई , गांधी जी ने भीषण से भीषण संग्रामों का सामना करके विषम परिस्थितियों में भी हिंसा का रास्ता नहीं अपनाया ।

आज आपके ग्राम पंचायत में उपस्थित लोगों को देखकर मुझे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के द्वारा जो ग्राम स्वराज का सपना देखा था अवश्य ही आपके ग्राम पंचायत द्वारा उसका अक्षरश: पालन किया जा रहा है ग्राम पंचायत द्वारा सड़क के दोनों और सुंदर पौधों का वृक्षारोपण कर तथा छोटे-छोटे बगीचे का जो निर्माण किया जा रहा है अवश्य ही पर्यावरण रक्षा के लिए सराहनीय पहल कहा ।

ग्राम पंचायत द्वारा किए गए साफसफाई को देखते हुए प्रखर अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भी सपना था कि हर गांव साफसुथरा हो तब कहीं स्वच्छ और स्वस्थ भारत का सपना साकार हो पाएगा । श्री अग्रवाल ने आगे कहा वर्तमान में हो रही सड़क दुर्घटना, हत्या ,चोरी ,बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों का मूल कारण गांव गांव में हो रहे नशापान है ।

कम उम्र के बच्चों को नशापान की और ग्रसित को समाज विकास के लिए बाधक बताया।

कार्यक्रम को गौतम गढ़तिया द्वारा भी संबोधित किया गया ।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच ग्राम पंचायत बरडीह दुष्कल प्रधान,उप सरपंच प्रफुल्ल सराफ सचिव झस्केतन साहू, पंचगण अलिप गड़तिय, श्रीमती गुलापी कार्तिक राम भोई, शरद प्रधान, श्रीमती सुरुचि भोजराज प्रधान, बालमुकुंद कुमार, श्रीमती पदमा सुरेश लोहा, रविचंद्र बैरागी, श्रीमती गायत्री तरुण गढ़तिया, श्रीमती पल्लवी पद्मचरण प्रधान ,प्रफुल्ल सराफ ग्रामीणों में प्रमुख रूप से कोडंड महापात्र,पुरुषोत्तम प्रधान, हरे राम बारिक पंचानन प्रधान प्रेमानंद भोई,संतोष बारिक ,पोलिस कुमार, बिरंचि शराफ ,चतुर्भुज प्रधान, महनो सराफअग्नि कुमार , परीक्षित प्रधान ,रसिक महापात्र, मधुबन गड़तिया ,पवित्र नंद कोतवार आदि ग्रामीण जन भारी संख्या में मौजूद रहे ।कार्यक्रम संचालन डिग्रीलाल प्रधान गुरूजी द्वारा किया गया ।

## खबर-खास

### ऑल टाइम प्लास्टिक्स लिमिटेड ने सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया

**रायपुर।** ऑल टाइम प्लास्टिक्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल कर दिया है। कंपनी 350 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों के नए निर्गम और 52,50,000 इक्विटी शेयरों के ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए धन जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी ने शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों के सभी या कुछ हिस्से का पूर्व भुगतान या पुनर्भुगतान, जिसकी राशि 120 करोड़ रुपये है, आगामी मानेकपुर सुविधा के लिए 133.73 करोड़ रुपये की राशि के उपकरण और मशीनरी की खरीद और बाकी सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव रखा है।

कंपनी वित्त वर्ष 2023 के लिए राजस्व के हिसाब से भारत के प्लास्टिक कंज्यूमरवेयर उद्योग में दूसरी सबसे बड़ी बी2बी भागीदार है (स्रोत: टेक्नोपैक रिपोर्ट)। आम घरेलू उपयोग के लिए प्लास्टिक उपभोक्ता सामान बनाने में इसकी 13 वर्षों से अधिक की विशेषज्ञता है। 31 मार्च, 2024 तक, कंपनी के पास आठ श्रेणियों में 1,608 स्टॉक-कीपिंग यूनिट थीं।

# सफाई बनाएं रखना हमारा नैतिक कर्तव्य- कलेक्टर दीपक सोनी

### एस बि एम में हुएं लाखों का भ्रष्टाचार,शिकायत जांच लंबित

**बलौदाबाजार/समय दर्शन।** /जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाएं जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का जिला स्तरीय समापन समारोह का आयोजन पलारी विकासखंड के ग्राम पंचायत दतान प में किया गया। जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चो ने स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही स्वच्छता को अपनाने लिए कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी को स्वच्छता का शपथ दिलाया गया। साथ ही इस मौके गांव के स्वच्छग्राही दीदियों एवं नशा मुक्ति अभियान में काम करने वालीं भारत माता वाहिनी समिति की महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सनम जांगड़े,जिला पंचायत सदस्य खुशबू बंजारे, भारती मोनू साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनोज आडिल, सरपंच वेद प्रकाश वर्मा, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल उपस्थित रहे।

कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने




दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए.हमे अपने घर के समान ही आसपास एवं गांव में साफसफाई रखना चाहिए ये हमारा नैतिक कर्तव्य है। आज शहरों एवं गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता को सामाजिक आंदोलन बनाने की जरूरत है। जन-जागरूकता से ही जिला स्वच्छ और सुंदर बन सकता है इसके लिए हमे अपने स्वभाव में भी परिवर्तन लाना होगा। पहले हम लोग घर घर में टॉयलेट बनाने की बात करते थे तो सब लोग मजाक उड़ाते थे। लेकिन आज अब लोग जागरूक होके ही अपने घर टायलेट बनाने लगे है। ऐसा ही सामाजिक परिवर्तन लाने की जरूरत है। इस दौरान बच्चों ने पेटिंग,सांस्कृतिक कार्यक्रम,हस्ताक्षर अभियान एवं नजदीक में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर एसबीएम एपीओ मुरलीकांत यदु तहसीलदार चुम्मन ध्रुव,जनपद सीईओ रोहित नायक सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। गौरतलब है की उक्त अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक''स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' विषय पर केंद्रित था,जिसमें स्वच्छता को समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी मानते हुए इसे उनके स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने का प्रयास किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' का यह अभियान आज 02 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की जयंती 'स्वच्छ भारत दिवस' पर पूर्ण हुआ।

**एसबीएम में हुए लाखों का भ्रष्टाचार शिकायत जांच लंबित** - जनपद पंचायत पलारी क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोहांसी व दत्तान प में एसबीएम के तहत लगभग 1 करोड़ से अधिक की राशि का भ्रष्टाचार की शिकयत कलेक्टर के पास हो चुके हैं, जांच टीम भी गठन हो चुका है, लेकिन जांच अभी तक लंबित है ।

ग्राम पंचायत दतान प की बात करें तो स्वच्छ भारत मिशन के शुरुवाती समय में सैकड़ो व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृत हुआ था, जिसमें तत्कालीन सरपंच व सचिव के द्वारा दतान की भोली,भाली जनता को गुमराह करते हुए उनसे रसीद बिल में उनके हस्ताक्षर ले लिया गया लेकिन उनको शौचालय का पूरा राशि अभी तक अप्राप्त है जिससे उनका व्यक्तिगत शौचालय नहीं बना, परिणाम स्वरूप लोग खुले में शौच करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शौचालय में मिलने वाली राशि का मात्र आधा राशि मिला है। ग्राम पंचायत रोहांसी में भी बिल्कुल इसी प्रकार की शिकायत है। अब बड़ा सवाल है कि संबंधितों पर कितनी जल्दी कार्रवाई होती है ?

क्या भोली भाली जनता को उनके हक का शौचालय मिल पाएगा।

## राष्ट्रपिता गाँधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा सफाई अभियान




### कलेक्ट्रेट परिसर मे चला स्वच्छता अभियान

### कलेक्टर, सी ई ओ सहित जिला अधिकारियों ने की सफाई

**महासमुंद (समय दर्शन)।** स्वच्छ भारत मिशन के 10वें वर्षगांठ के अवसर पर जिले में 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान की शुरूआत 17 सितंबर को स्थानीय संजय कानन उद्यान में वृहद सफाई अभियान चलाकर किया गया। आज राष्ट्रपिता गाँधी जयंती के अवसर पर और स्वछता ही सेवा पखवाड़ा के अंतिम दिन कलेक्टर श्री विनय लंगेह, जिला पंचायत सी ई ओ श्री एस आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि साहू सहित जिला अधिकारी और कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर मे साफसफाई अभियान चलाकर स्वछता का सन्देश दिया। इसके पूर्व महात्मा गाँधी जी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई।

ज्ञात है की 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चले इस अभियान का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता को बढ़ावा देना है।

आज सुबह 10 बजे कलेक्टर श्री विनय लंगेह के नेतृव मे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत कलेक्टर ने में हाथों में झाड़ू लेकर परिसर की सफाई की और खरपतवार को भी हटाया। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों मे भी सफाई अभियान चलाया गया। जिला पंचायत मे सीइओ एस आलोक के नेतृत्व मे सफाई अभियान चलाया गया। कृषि विभाग सहित जनपद, पंचायत, नगरीय निकायों मे भी साफ सफाई की गई।

इस अवसर पर उन्होंने सभी जिलेवासियों से आग्रह किया कि आइए, इस स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ और विकसित समाज की ओर बढ़ने का मार्ग भी प्रशस्त करता है। इसी तरह जिला अधिकारियों ने भी साफ-सफाई की।

सफाई अभियान में जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, डिप्टी कलेक्टर मनोज खांडे, आशीष कर्मा, सीएमओ विजय पांडेय एवं जिले के आला अधिकारी भी सफाई अभियान में सहभागिता निभाई। इस दौरान स्कूली एवं महाविद्यालयीन एनएसएस. एनसीसी. एवं स्काउट के छात्र-छात्राओं सहित सभी वर्गों के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए सामूहिक श्रमदान कर इस अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की।

**स्वच्छता ही सेवा हेतु दिलाई गई शपथ-** इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी को स्वच्छता के प्रति सजग रहने, समय देने तथा श्रमदान कर स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने स्वच्छता ही सेवा हेतु शपथ दिलाई। कलेक्टर ने कहा कि साफ-सफाई एक अच्छी आदत है, स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिये हर एक को यह आदत बनानी चाहिये। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मानसिकता का विकास होता है इसी के मद्देनजर देश में स्वच्छता की महती आवश्यकता को देखते हुए हमारे प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान शुरू किया। हम सब के स्वस्थ जीवन के लिये इस अभियान में हमें कंधे से कन्धा मिलाकर भाग लेना चाहिए। हमें खुद को, घर, अपने आसपास, समाज, समुदाय, शहर, उद्यान और पर्यावरण आदि को रोज स्वच्छ रखने की जरूरत है।

## कलेक्टर श्री अग्रवाल के नेतृत्व में संयुक्त जिला कार्यालय में एक घंटे तक चला सफाई अभियान

### कलेक्टर ने सभी को स्वच्छता का दिलाया संकल्प

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** देशभर में 17 सितम्बर से महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।इसी तारतम्य में स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर आज कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर, जिला पंचायत, पशुपालन विभाग कार्यालय, पीएचई विभाग,जल संसाधन विभाग,तहसील कार्यालय गरियाबंद, पीएमजीएसवाय कार्यालय, कृषि विभाग, सहकारिता, मछली पालन, जनपद कार्यालय, आरईएस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यालयों सहित जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के नेतृत्व में संयुक्त जिला कार्यालय गरियाबंद में अधिकारी-कर्मचारियों सहित स्वच्छताकर्मियों ने भी एक घंटे तक साफ-सफाई किया।कलेक्टर श्री अग्रवाल सहित अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय,डिप्टी कलेक्टर अर्पिता पाठक




सहित अन्य शासकीय सेवकों ने हाथ में झाड़ू लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में फैले कूड़ा-करकटों को साफ कर व्यवस्थित रूप से निष्पादित किया।इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मौके पर मौजूद कर्मियों को स्वच्छता ही सेवा शपथ दिलाया।सभी ने स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहकर हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करने का संकल्प लिया।कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता को प्रोत्साहित करने हेतु 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से सभी को स्वच्छता का संकल्प दिलाया था। प्रधानमंत्री के आव्हान और स्वच्छता अभियान से हम सभी को गली-चौराहे, मोहल्ले, स्कूल, कार्यालय,सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरणा मिली।स्वच्छता अभियान ने पूरे प्रदेश में जनआंदोलन का स्वरूप ले लिया है। कलेक्टर ने कहा कि जिले को सुंदर एवं स्वच्छ बनाना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।इस दौरान कलेक्टर सहित सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने परिसर में स्थापित गांधी जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर रामसिंह सोरी,खाद्य अधिकारी सुधीर गुरू,डीईओ ए.के. सारस्वत, सीएमओ संध्या वर्मा, अंत्यावसायी सीईओ सुश्री रश्मि गुप्ता सहित पालिका क्षेत्र के स्वच्छताकर्मी मौजूद रहे।

## गांव के लोगो द्वारा सतनामी समाज के लोगो से किया जा रहा भेदभाव




**गरियाबंद (समय दर्शन)।** जिला मुख्यालय से तीन किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मजरकट्टा के सतनामी पारा के लोगो ने गांव के लोगो के द्वारा किये जा रहे भेदभाव के सम्बन्ध में अनुसूचित जाति जन जाति थाने में आवेदन देकर अवगत कराया कि उनके पारा के सतनामी समुदाय के लोगो के साथ ग्राम के लोगो के द्वारा छुआ छुत का माहौल बना कर सतनामी लोगो को गांव में किसी भी कार्य में बुलाया नही जा रहा है, न ही उनके घर प्रधान मंत्री आवास का घर निर्माण कराने राज मिस्त्री तक को मना किया गया है. महिलाओ ने अरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोग जब चाहे तब हम लोगो के घर में जबरदस्ती घुस जाते है। वही महिलाओ के द्वारा गांव के कुछ पंचायत पदाधिकारी व लोगो द्वारा अन्य लोगो भी भड़का कर भेदभाव बढ़ाया जा रहा है, बताया कि उनके बच्चो को स्कूल में खाना बनाने वाली बाई के द्वारा पानी तक नही दिया जाता उनके बच्चो के साथ स्कूल में दुर्व्यवहार हो रहा है.आरोप लगाया कि उनके पारा के लोगो को गांव के शीतला माता मंदिर तक में नही जाने दिया जा रहा है। अपने साथ हो रहे दुर्व्यव्हार व भेदभाव को बंद किये जाने कि अपील कि है ।

## नाम परिवर्तन की सूचना

मैं, कृष्ण कुमार सिंह और अनलपरभा देवी की पुत्री तृप्ति, 1988, वार्ड 49, विद्युत नगर, दुर्ग में रहती हूं, यह घोषणा करती हूं कि मैंने 24-09-2024 से अपना नाम बदलकर तृप्ति सिंह कर लिया है

**पूर्व नाम : तृप्ति**

**अब जाना जाता है : तृप्ति सिंह**

मैं सभी संबंधित लोगों से अनुरोध करती हूं कि वे इस बदलाव पर ध्यान दें और तदनुसार अपने रिकॉर्ड अपडेट करें।

**शपथकर्ता**

## नाम परिवर्तन की सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं धर्मेन्द्र कुमार साहू आ. कृष्ण कुमार साहू (DHARMENDRA KUMAR SAHU S/O KRISHNA KUMAR SAHU) निवासी म.न.04, प्रथम तल, स्टेट -1, स्टील कॉलोनी, नियर वाटर टैंक, कातुलबोर्ड, वार्ड न. 60 मोती लाल नेहरु नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) । मेरी जन्मतिथि 01/10/1984 है। मेरा नाम धर्मेन्द्र कुमार साहू आ. कृष्ण कुमार साहू (DHARMENDRA KUMAR SAHU S/O KRISHNA KUMAR SAHU) है तथा मेरे शालेय अभिलेख, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम धर्मेन्द्र कुमार आ. कृष्णा कुमार (DHARMENDRA KUMAR S/O KRISHNA KUMAR/ KRISHAN KUMAR SAHU/ KRIHSNA KUMAR SAHU) है। धर्मेन्द्र कुमार साहू आ. कृष्णा कुमार साहू (DHARMENDRA KUMAR SAHU S/O KRISHNA KUMAR SAHU) एवं धर्मेन्द्र कुमार आ. कृष्णा कुमार (DHARMENDRA KUMAR S/O KRISHNA KUMAR/ KRISHAN KUMAR SAHU/ KRIHSNA KUMAR SAHU) दोनों एक ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही है। मैं अपने समस्त दस्तावेजों में अपना नाम धर्मेन्द्र कुमार आ. कृष्णा कुमार (DHARMENDRA KUMAR S/O KRISHNA KUMAR/ KRISHAN KUMAR SAHU/ KRIHSNA KUMAR SAHU) के स्थान पर धर्मेन्द्र कुमार साहू आ. कृष्ण कुमार साहू (DHARMENDRA KUMAR SAHU S/O KRISHNA KUMAR SAHU) कराना चाहता हूँ जिसके लिए राजपत्र में प्रकाशन कराना चाहता हूँ। आज दिनांक के पश्चात से मुझे धर्मेन्द्र कुमार साहू आ. कृष्ण कुमार साहू (DHARMENDRA KUMAR SAHU S/O KRISHNA KUMAR SAHU) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे ।

**धर्मेन्द्र कुमार साहू**

## नाम परिवर्तन की सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कु. तुलेश्वरी आ. दयाराम (KU. TULESHWARI D/O DAYARAM) निवासी प्लाट न.-176, 177 कुरुद रोड, सुन्दर विहार कॉलोनी फेस -1, जामुल तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) की हूँ। मेरी जन्मतिथि 22/08/1988 है। मेरा नाम तुलेश्वरी आ. दयाराम (TULESHWARI D/O DAYARAM) है तथा मेरे सेवा अभिलेख मेरा नाम कु. तुलेश्वरी कुर्रे आ. दयाराम कुर्रे (KU. TULESHWARI KURREY D/O DAYARAM KURREY) है। कु. तुलेश्वरी आ. दयाराम (KU. TULESHWARI D/O DAYARAM) एवं कु. तुलेश्वरी कुर्रे आ. दयाराम कुर्रे (KU. TULESHWARI KURREY D/O DAYARAM KURREY) दोनों एक ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही है। मैं अपने समस्त सरकारी दस्तावेजों एवं सेवा अभिलेख में अपना नाम कु. तुलेश्वरी कुर्रे आ. दयाराम कुर्रे (KU. TULESHWARI KURREY D/O DAYARAM KURREY) के स्थान पर कु. तुलेश्वरी आ. दयाराम (KU. TULESHWARI D/O DAYARAM) कराना चाहती हूँ जिसके लिए राजपत्र में प्रकाशन कराना चाहती हूँ। आज दिनांक के पश्चात से मुझे कु. तुलेश्वरी आ. दयाराम (KU. TULESHWARI D/O DAYARAM) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे।

**कु. तुलेश्वरी (KU. TULESHWARI)**

# प्रधानमंत्री मोदी की स्वच्छता का संकल्प आज पूरा होते दिख रहा -विधायक रोहित साहू

### स्वच्छता ही सेवा एवं सम्पूर्णता अभियान का हुआ जिला स्तरीय समापन

### विधायक, कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत किया वृक्षारोपण



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिले में 17 सितम्बर से जारी स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं विगत तीन माह से चल रहे सम्पूर्णता अभियान का आज जिला स्तरीय समापन सम्पन्न हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए।इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने आम नागरिकों को स्वच्छता का संकल्प दिलाते हुए इस अभियान में अपनी शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014 में लिए गये स्वच्छता का संकल्प आज पूरा होते दिख रहा है।लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहे है तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित कर रहे है।विधायक ने स्वच्छता को अपनी प्रतिदिन की जीवनशैली में अपनाने एवं अपने घर सहित आसपास के जगहों की भी साफ-सफाई में भी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले में चलाये गये व्यापक स्वच्छता अभियान की गतिविधियों की जानकारी दी।उन्होंने कहा कि लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए नगरीय निकाय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाज के सभी वर्ग ने अपनी सहभागिता निभाई। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा स्वच्छता को अपने जीवन और स्वभाव में उतारे। स्वच्छता कर्तव्य होना चाहिए।इसे दैनिक दिनचर्या में लाना होगा।कलेक्टर ने सम्पूर्णता अभियान के बारे बताया कि मैनपुर एवं गरियाबंद विकासखण्ड में सम्पूर्णता अभियान के तहत लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।साथ ही योजना अंतर्गत शत प्रतिशत सेचुरेशन की उपलब्धि भी हासिल की गई। नीति आयोग द्वारा पिछड़े ब्लॉकों के विकास के लिए आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम चलाया गया।इसके तहत 6 इंडिकेटर निर्धारित किए गए थे।जिसे 30 सितंबर तक पूर्ण करने का कार्य योजना बनाया गया।इसके तहत शिक्षा,स्वास्थ्य पोषण,कृषि एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में लोगों को शत प्रतिशत लाभान्वित किया गया।कार्यक्रम में विधायक,कलेक्टर एवं अन्य अतिथियों ने स्वच्छता एवं सम्पूर्णता अभियान के क्षेत्र में विशेष रूप से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने वाले जिले के स्वच्छताकर्मियों, सरपंच,महिल समूह,सचिव,आम नागरिक एवं अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को सामग्री वितरण,स्वच्छता किट,लाभान्वितों को चेक वितरण एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया।कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय स्टॉलों के द्वारा लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई।अतिथियों ने स्टॉलों का निरीक्षण कर शासकीय योजनाओं का अवलोकन किया।इस अवसर पर बच्चों को अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं का गोदभराई के तहत सुपोषण किट का वितरण किया गया।विधायक, कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत गांधी मैदान परिसर में वृक्षारोपण किया।साथ ही स्वच्छता ही सेवा पोस्टर के समक्ष सेल्फी भी खिचवाई।कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ रीता यादव,नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर,जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू,नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, वरिष्ठ नागरिक राजेश साहू,अनिल चंद्राकर,पार्षद सर्वश्री आसिफ मेमन,वंश गोपाल सिन्हा, मिलेश्वरी साहू,बिंदु सिन्हा,रेणुका साहू सहित जिले के सभी प्रमुख अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया था।उन्होंने हर घर,हर गली हर मोहल्ले को स्वच्छ बनाए का सपना देखा था और देशवासियों से भी इसका आव्हान किया था। इसके लिए वे स्वयं झाड़ू लेकर सड़क में उतरे। लोगों को प्रेरित किया।मोदी जी के इस देशव्यापी अभियान को लेकर लोगों को लगता था कि ये संकल्प कैसे पूरा होगा।लेकिन आज हम गर्व के साथ कह सकते है कि नरेंद्र मोदी ने देश में जो स्वच्छता की अलख जगाई जो प्रयास किया आज उनकी सोच और संकल्प पूरा होते दिख रहा है।घर-घर लोग स्वच्छता के लिए जागरूक हो रहे हैं और इसमें सहभागी भी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हर घर स्वच्छ होगा,हर गली मोहल्ला स्वच्छ होगा तब यह देश भी स्वस्थ होगा।उन्होंने अपने गांव सेम्हरतरा का भी जिक्र किया।सरपंच कार्यकाल का अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब देश में हर घर शौचालय योजना की शुरुआत हुई थी तो हमने गांव में शौचालय बनाने के ग्रामीणों से संपर्क किया।तब लोग घर के आसपास जगह देने राजी नहीं होते थे।लेकिन जब सभी ने मिलकर कोशिश की विशेषकर महिलाएं सामने आई तो हर घर शौचालय बना और ग्राम सेम्हरतरा जिले का पहला ओडीएफ ग्राम भी बना। महिलाओं ने स्वच्छता के लिए समय दान किया।खुले में शौच रोकने लिए जुर्माना भी लगाया। इन सब के चलते आज जिले में सेम्हरतरा स्वच्छता को लेकर जिले और राज्य में अलग पहचान है।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26


छत्तीसगढ़ शासन
शक्ति के वंदन का माह
महतारी वंदन की राह
₹1000
खुशियों के नोटिफिकेशन का 8वां माह
महिलाओं को समर्पित होगा
हर पंचायत में बनने वाला
महतारी सदन
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय
से जुड़ने के लिए
QR CODE स्कैन करें
श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क